



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन


वर्ष 52/ अंक 310/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 04 जुलाई 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

टेक्सास में 10 हजार लोगों ने किया गीता पाठ...गुरु पूर्णिमा के मौके पर हुआ कार्यक्रम, 4 से 84 साल की उम्र के लोग जुटे

सांध्यप्रकाश विशेष

## बाबा महाकाल के दर्शन के लिए सावन में गर्भगृह में प्रवेश बंद, दर्शन के लिए नई व्यवस्था




उज्जैन । सावन का महीना उज्जैन में जोर-शोर से मनाया जाता है, इस दौरान महाकाल मंदिर बाबा महाकाल के लाखों भक्त दर्शन के लिए जाते है। ऐसे में दर्शन के लिए नई व्यवस्था की गई है। सावन में लाखों भक्त देश विदेश से यहां आते हैं। इस बार अधिकमास होने की वजह से सावन 59 दिन का होगा। इसलिए भक्त भी लाखों होंगे। इसलिए मंदिर समिति ने इस बार व्यापक व्यवस्था की है। मंदिर के पट अलसुबह 2.30 बजे खोल दिए जाएंगे। लेकिन 4 जुलाई (यानि आज) से 11 सितंबर तक 70 दिन के लिए भक्तों का गर्भगृह में प्रवेश बंद रहेगा। केवल पंडे-पुजारी ही पूजन कर सकेंगे। भक्तों के लिए बाबा के दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

**ऐसी होगी दर्शन व्यवस्था:** भस्मआरती के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन अनुमति दी जाएगी। बिना अनुमति वाले चलित भस्मआरती कर सकेंगे। शीघ्र दर्शन के लिए भक्तों को 250 रुपए की टिकट लेना होगी। यह मंदिर की बेवसाइट पर ऑनलाइन मिल जाएगी। नंदी हॉल से दर्शन के लिए केवल प्रोटोकॉल यानि विशेष अनुमति प्राप्त लोगों की हो दर्शन हो पाएंगे।

कांवड़ यात्री मंगलवार से शुक्रवार तक जलाभिषेक कर सकेंगे। अन्य दिनों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। सामान्य दर्शनार्थी महाकाल लोक से प्रवेश कर नए फैसेलिटी-2 से होकर पुराने फैसेलिटी से होकर नई टनल अथवा टनल की छत से कार्तिकेय मंडपम् पहुंचेंगे। इसके अलावा 250 रुपए की रसीद काटने पर बड़े गणेश मंदिर के सामने से 04 नंबर गेट से होकर विश्रामधाम से सभामंडप होकर बैरिकेड्स से दर्शन के बाद निर्गम कराया जाएगा।

वीआईपी को गेट नंबर एक यानि महाकाल प्रशासनिक कार्यालय के सामने से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। वीवीआईपी अतिविशिष्ट लोगों को निर्माल्य गेट से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। अन्य भक्तों को गेट नंबर चार से विश्रामधाम से सभामंडप होकर बैरिकेड्स से दर्शन करवाए जाएंगे। भस्मआरती के पहले नियमित रूप से आने वाले श्रद्धालु हरिओम जल चढ़ा सकेंगे। यात्री टिकट बुक करने के लिए महाकाल लोक वेबसाइट पर लिंक दी गई है। पुजारी ने बताया सावन महीने में भगवान महाकाल की आराधना, जप और प्रार्थना की जाती है। श्रावण माह में महाकालेश्वर मंदिर में पांच आरती होती हैं।

## रिटायर्ड आईएएस ने चलो मंदिर अभियान का आह्वान किया




भोपाल। भारतीय प्रशासनिक सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के रिटायर्ड ह्रुस अधिकारी चितरंजन खेतान ने आज गुरु पूर्णिमा पर ट्वीट करके 'चलो मंदिर' अभियान प्रारंभ करने का आह्वान किया है। उन्होंने बुजुर्गों से अपील की है कि वे नई पीढ़ी को सप्ताह में कम से कम एक दिन मंदिर जाने के लिए प्रेरित करें।

अपने ट्विटर हैंडल पर उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा 'आज गुरु पूर्णिमा है। सद्गुरु के श्री चरणों में प्रणाम। प्रारंभ करें 'चलो मंदिर' अभियान। नई पीढ़ी को सप्ताह में 1 दिन मंदिर जाने के लिए प्रेरित करें।' आम तौर पर देखा गया है कि प्रशासनिक सेवा से रिटायर होने वाले अधिकारी जब कोई आह्वान करते हैं, तो उसमें उनके अनुभव और उनके कार्यकाल दौरान किसी फैसले का जिक्र जरूर होता है। लेकिन, गुरु पूर्णिमा के मौके पर रिटायर्ड आईएएस ने जिस तरह 'मंदिर चलो' अभियान शुरू करने की अपील की,उससे उनके हिंदू धर्म के प्रति गहरी आस्था और रुझान का साफ संकेत मिलता है।

## पुराने भवन में होगा संसद का मानसून सत्र, मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद बोलीं मीनाक्षी लेखी



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा की संसद का मानसून सत्र पुराने संसद भवन से शुरू होगा। इसके बाद नए संसद भवन में शिफ्ट हो जाएगा। लेखी सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल हुई थी। बैठक से निलकने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संसद का मानसून सत्र पुराने संसद भवन में ही आयोजित किया जाएगा। इसके बाद नए संसद भवन में चला जाएगा। बता दें कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की।

संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को ट्वीट कर बताया, ''संसद का मानसून सत्र, 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा, '' मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य काम-काज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं।

संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है क्योंकि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रमुख विपक्षी दलों ने नरेन्द्र मोदी नीत भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चेबंदी शुरू कर दी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समान नागरिक संहिता की वकालत करने के बाद कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई है। सूत्रों के अनुसार सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में होगी और बाद में नये संसद भवन में बैठक हो सकती हैं। आसन्न सत्र में केंद्र सरकार 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश की जगह लेने के लिए विधेयक ला सकती है जो सेवा मामलों में दिल्ली सरकार को विधायी एवं प्रशासनिक नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी कर देगा। इसके अलावा सरकार राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) विधेयक 2023 को संसद में पेश कर सकती है जिससे राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

# युवाओं के लिए सीखो-कमाओ योजना लांच

## युवाओं में नया विश्वास भरेगी नई योजनाः चौहान





भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रदेश के युवाओं के लिए सीखो-कमाओ योजना लांच की। इस अवसर पर उन्होंने एक युवा का खुद पोर्टल पर पंजीयन कराया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। आज हम एक ऐसी योजना की शुरुआत कर रहे हैं जो युवाओं में एक नया उत्साह, आशा और विश्वास भरेगी। यह अपने आप में देश का एक अनूठा प्रयोग है। इसमें युवाओं को आठ से दस हजार रुपये महीना देंगे। युवा काम सीखेंगे और उन्हें पैसा भी मिलेगा।


रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, युवा एवं खेल विभाग की मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे बेटा बेटियों मेरे और आपके रिश्ते प्यार के रिश्ते है। आई लव यू। युवाओं को बेहतर भविष्य मिले इसके लिए प्रधानमंत्री और मैं भी लगा हूं। बेहतर शिक्षा कैसे मिले इसके प्रयास कर रहे हैं। सांसद रहते विदिशा के स्कूल में गया और बच्चों से पूछा गंगा कहा से निकलती है, बच्चों ने कहा गंगा विंध्याचल से निकली। गुरुजी से पूछा तो उन्होंने कहा 500 रुपये वेतन में गंगा जी विंध्याचल से निकलेगी। हमने शिक्षकों का वेतन बढ़ाया, शिक्षा बेहतर की। हमने लैपटाप दिए लेकिन जब मामा नहीं था, तो लैपटाप छिन गए थे। हम अब प्रथम आने पर बेटियों के साथ साथ बेटों को भी स्कूटी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पढाई में कोई बाधा नहीं आने दूंगा। पढ़ाई के बाद बड़ा विषय है रोजगार। मैं आज इसी पर बात करने आया हूं। हम एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती कर रहे हैं और यह भर्ती लगातार होगी। लेकिन सरकारी पद सीमित होते है इसलिए हमने उद्यम क्रांति योजना लाई है, स्वयं के उद्योग लगाओ, स्टार्टअप शुरू करो। सरकार भरपूर मदद करेगी। मुझे लगता है कि अधिकतर लोगों को तो वही काम मिल जाएगा। बड़े उत्साह के साथ कंपनी, इंडस्ट्रीज, सर्विस सेक्टर के लोग योजना से जुड़ने के लिए आ रहे हैं।

# शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में प्रधानमंत्री ने साधा चीन और पाकिस्तान पर निशाना

## आतंकवाद पर दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिएः मोदी





नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वर्चुअल शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एससीओ के सम्मेलन को पीएम मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्थिति एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। विवादों, तनावों और महामारी से घिरे विश्व में फर्टिलाइजर और ईंधन का मुहैया होना सभी देशों के लिए बड़ी चुनौती है। हमें यह फैसला करना होगा कि क्या हम अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। क्या एससीओ ऐसा संगठन है जो आगे के बदलावों के हिसाब से बदल रहा है। एससीओ में भाषा संबंधी परेशानियों को हटाने के लिए हम अपने प्लेटफॉर्म को सबके साथ साझा करने में रुचि रखते हैं। आगे के सुधारों को लागू करने में एससीओ बड़ा प्लेटफॉर्म बन सकता है।

**ईरान भी एससीओ की बैठक में हुआ शामिलः** पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि ईरान आज एससीओ की बैठक में शामिल है। साथ ही हम बेलारूस को एससीओ में शामिल करने के लिए मेमोरेंडम में हस्ताक्षर का स्वागत करते हैं। यह आवश्यक है कि एससीओ का फुल फोकस मध्य एशिया के देशों के हितों और आकांक्षाओं पर केंद्रित रहे।

**चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी:** उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद क्षेत्रीय कार्यों के लिए खतरा बना हुआ है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। हमें किसी भी अभिव्यक्ति में इसके खिलाफ लड़ाई करनी होगी। कुछ देश इसे क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म के लिए इसे नीति के तौर पर इस्तेमाल करते हैं।

# वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कर सकती है भाजपाः कमलनाथ



**छिंदवाड़ा। संवाददाता।** अपने तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने हवाई पट्टी पर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। मध्यप्रदेश में वोटर लिस्ट में हेराफेरी के आरोपों के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा कर्नाटक में भी बहुत से फर्जी वोटर बनाए थे और बहुत से डिलीट किए थे और यही कलाकारी यहां कर रहे हैं हम इस पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह खुद तो झूठ बोलने में माहिर हैं और दूसरों से भी झूठ बुलवाने में माहिर हो गए हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के दावे पर उन्होंने कहा कि मुझे मध्य प्रदेश की जनता पर पूरा भरोसा है और वह प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित रखेंगे।

## महाराष्ट्रः शिंदे केबिनेट सहित कांग्रेस, एनसीपी की बैठकों का दौर

मुम्बई। महाराष्ट्र में मंगलवार को बैठकों का दौर जारी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कैबिनेट विस्तार के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग बुलाई। डिप्टी सीएम अजित पवार समेत 8 विधायक इसमें पहुंचे हैं। उधर, शरद पवार ने भी एनसीपी दफ्तर में नेताओं की मीटिंग बुलाई है। शरद वाई बी चह्वाण सेंटर यानी पार्टी दफ्तर के लिए रवाना हो चुके हैं। पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले यहां मौजूद हैं। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने भी आज एक मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस भी नेता प्रतिपक्ष को लेकर बैठक कर रही है। उधर, अजित पवार के नए पार्टी दफ्तर पर भी मंगलवार को हंगामा हुआ। समर्थकों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने उन्हें दफ्तर की चाबी नहीं सौंपी इसलिए गेट को धक्का मारकर खोला गया। उन्होंने आज नए दफ्तर का उद्घाटन भी किया।

### कांग्रेस ने नेता विपक्ष पद पर ठोका दावा

मुम्बई। महाराष्ट्र में एनसीपी में दोफाड़ के बाद कांग्रेस ने नेता विपक्ष के पद पर अपना दावा ठोक दिया है। पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए मंगलवार को बैठक भी बुलाई है। बता दें कि महाराष्ट्र में हाल तक अजित पवार नेता विपक्ष का पद संभाल रहे थे लेकिन अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद नेता विपक्ष का पद खाली है। साथ ही एनसीपी में टूट के बाद अब कांग्रेस राज्य की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी हो गई है, जिसके बाद कांग्रेस ने अपने नेता को इस पद पर बिठाने की तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र कांग्रेस ने मंगलवार को बैठक बुलाई है। इस बैठक में नेता विपक्ष के नेता के नाम पर विचार विमर्श हो सकता है। इस बैठक में कांग्रेस सचिव एचके पाटिल भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि एनसीपी ने अजित पवार के शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद जितेंद्र अव्हाड को नेता विपक्ष नियुक्ति किया है।

# केबिनेटः आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी

## प्रदेश में 22 नए आइटीआई व 10 कालेज खुलेंगे



भोपाल। प्रदेश के 22 विकासखंडों में नए आईटीआई खोले जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 3,000 रुपये की बढ़ोतरी के बाद अब उन्हें प्रतिमाह 13,000 रुपये मानदेय मिलेगा। आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानेदय में 750 रुपये की बढ़ोतरी के बाद उन्हें अब 5,750 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में इसे स्वीकृति दी गई।

बैठक के पहले मुख्यमंत्री ने सीखो कमाओ योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज योजना की शुरुआत कर मध्य प्रदेश फिर एक नया इतिहास रचेगा। स्किल्ड मैन पावर तैयार करने के लिए, रोजगार सिखाने के लिए और युवाओं के मन मे एक नया विश्वास पैदा होगा। इसके लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं। कैबिनेट बैठक में 10 नए सरकारी महाविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। पहले से संचालित 4 सरकारी कॉलेजों में नए संकाय और 7 शासकीय कॉलेजों में स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषय शुरु करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस हेतु 589 पद स्वीकृत किए गए। इस बैठक में प्रदेश के देवास, धार, शाजापुर, आगर, उज्जैन, छिंदवाड़ा सहित 12 जिलों के 22 विकासखंडों में आइटीआइ की स्थापना के प्रस्?ताव को मंजूरी दी गई। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इन विकासखंडों में आइटीआइ की स्थापना से प्रदेश के सभी विकासखंडों में आइटीआइ हो जाएंगे। इसके अलावा बैठक में संत रविदास सांस्कृतिक एकता न्यास, भारतीय जनता पार्टी मंदसौर के कार्यालय, विश्राम गृह और पार्किंग के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश के देवास, धार, शाजापुर, आगर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, बैतूल, सागर, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी और सीधी जिलों के 22 विकासखंडों में न तो सरकारी और न ही निजी आइटीआइ हैं।जबकि, कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक आइटीआइ होना चाहिए।

# सिंधिया ने बताया- उनके किस पूर्वज ने कराया महाकाल का जीर्णोद्धार और शुरू करवाया सिंहस्थ

ग्वालियर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्विट कर अपने पूर्वज राणोजीराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है। सिंधिया ने ट्विट के माध्यम से उनके बारे में बताया है कि किस तरह उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था और सिंहस्थ को उज्जैन में शुरूवात करवाई थी।

सिंधिया ने ट्वीट में लिखा है कि कि विदेशी आक्रांताओं से बचाने हेतु कोटि तीर्थ कुंड उज्जैन में रखे महाकाल ज्योतिर्लिंग को निकाल, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाले, सिंहस्थ कुंभ को अपनी राजधानी उज्जैन में फिर से शुरू कराने वाले, सनातन धर्म रक्षक, मुग़लों, पुर्तगालियों और देश के अन्य दुश्मनों को परास्त करने वाले, मेरे शूरवीर पूर्वज श्रीमंत महाराज राणोजीराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरा कोटि कोटि प्रणाम।

**कौन थे राणोजी रावः** राणोजीराव सिंधिया पेशवा बाजीराव के बाल सखा था और उन्होंने उनके साथ करीब 40 युद्ध किए थे और जीतकर शिवाजी महाराज का भगवा फहराने का स्वप्न पूरा किया था। बचपन से ही बाजीराव के सभी अभियानों में राणोजी साए की तरह साथ रहते थे। पुणे के अभियान से वापस लौटते समय बाजीराव पेशवा, राणोजी शिंदे को मध्य भारत में शाहू जी



महाराज के प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त करके चले गए थे। राणोजी सिंधिया ने उज्जैन को अपना मुख्यालय बनाया और यहीं से पूरे मध्य भारत में भगवा ध्वज के तले मुगलों द्वारा नष्ट की गई धर्म एवं संस्कृति की स्थापना की।

**कई युद्धों में दिया था शौर्य का परिचयः** राणोजीराव सिंधिया ने कई युद्धों में अपने शौर्य का परिचय दिया। मालवा एवं मध्य भारत में कई विकास कार्य कराए परंतु सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मुगलों द्वारा नष्ट कर दी गई हिंदू धर्म एवं संस्कृति को फिर से समृद्ध बनाया। जब उन्हें ज्ञात हुआ कि उज्जैन में जिस मंदिर को नष्ट किया गया था वह ज्योतिर्लिंग है, तो उन्होंने तत्काल भव्य मंदिर के निर्माण का आदेश दिया। आज भी उज्जैन में जिस मंदिर के दर्शन होते हैं वह राणोजीराव सिंधिया द्वारा बनवाया गया है।राणोजीराव सिंधिया ने जब उज्जैन को अपना मुख्यालय बनाया तो उन्हें पता चला कि मुगलों ने किस प्रकार भारतीय परंपराओं को हमेशा के लिए खत्म कर देने की साजिश रची थी। लगातार 500 साल तक सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन नहीं हुआ था। राणोजीराव सिंधिया ने सुनिश्चित किया कि ना केवल सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होगा बल्कि यह भारत का सबसे भव्य आयोजन होगा।

# बुद्धभूमि महाविहार मॉनेस्ट्री चुनाभट्टी में हुआ वर्षावास प्रारंभ समारोह



**भोपाल।** सोमवार को बुद्धभूमि महाविहार मॉनेस्ट्री चुनाभट्टी, कोलार रोड में मैत्रीय बुद्ध महाविहार उपासिका संघ एवं बुद्धभूमि महाविहार उपासक संघ का संयुक्त आयोजन आषाढ़ी पूर्णिमा,वर्षावास प्रारंभ समारोह का आयोजन किया गया है। वरिष्ट बौद्ध धम्मगुरु भन्ते शाक्यपुत्र सागर थेरो का 23वॉ वर्षावास का अधिष्ठान एवं उनके सहयोगी भन्ते राहुलपुत्र, भन्ते सुमेधपुत्र का वर्षावास प्रारंभ हो रहा हैं। इस अवसर पर भिक्षु संघ वर्षावास अधिष्ठान लेकर में वर्षावास प्रारंभ किया। कार्यक्रम की सुरवात तथागत भगवान बुद्ध के समक्षदीप प्रज्ज्वलन कर उपस्थित उपासक उपासिकाओं को अष्टशील प्रदान प्रदान कर सारे प्राणी मात्रा के लिए भिक्षु संघ द्वारा परित्राण पाठ कर उपस्थित अनुयाईयों के साथ सामूहिक ध्यान साधना करते हुई इस पवित्र आषाढ़ी पूर्णिमा का महत्व पर धम्म देशना देकर भिक्षु संघ का वर्षावास अधिष्ठान ग्रहण किया।

# एन के श्री पैथोलॉजी लैब का शुभारंभ



**भोपाल।** राजधानी के मोतिया तालाब स्थित एन के श्री पैथोलॉजी लैब का आज शुभारंभ किया गया अर्थ बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के प्रमुख नीरज सिंह ने बताया कि आजकल पैथोलॉजी के नाम पर मरीजों को भारी-भरकम राशि का भुगतान करना होता है मरीजों की इस परेशानी को कम कीमत पर पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध हो सके और बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के भोपाल प्रमुख आनंद मोहन शुक्ला ने बताया कि पैथोलॉजी लैब 24 घंटे सेवाएं देगी उनके द्वारा नागपुर मुंबई रीवा और जबलपुर पर सेवाएं दी जा रही है

# बाल सांसदों का हुआ शपथ ग्रहण



**भोपाल।** सम्मान संस्था भोपाल द्वारा 15 स्लम एरिया में बाल सांसदों का गठन किया गया। जिसमें सात एरिया के बाल सांसदों का शपथ ग्रहण किया गया जवाहर चौक, टीटी नगर, ईश्वर नगर, पीसी नगर, बाग मुगालिया, पात्रा पुल, गांधी नगर और अन्ना नगर एरिया के सभी बाल संसद के बच्चों ने शपथ ग्रहण किया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सम्मान संस्था के डायरेक्टर फादर जेम्स साइमन असिस्टेंट डायरेक्टर फादर इमैनुएल और अलग-अलग एरिया के पार्षद अन्ना नगर पार्षद अनीता शुक्रवारे और स्कूल के प्रिंसिपल जवाहर चौक बाग मुगालिया से जयचंद जी, अखिलेश चौहान प्रभारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजुम अंसारी मीरा इंद्रा बांगड़े समाजसेवी सुनीता, मनोज गुर्जर बलराम ओझा इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बाल संसद का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक करना और अपने क्षेत्र की समस्याओं को हल करने में उनको बढ़ावा देना है

# उपनगर के स्कूलों और कॉलेजों में मना गुरू पूर्णिमा महोत्सव

## सदैव गुरू की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए जीवन पथ पर अग्रसर रहेः सिद्ध भाऊ













**संत हिरदाराम नगर।** उपनगर बैरागढ़ के सभी स्कूल और कालेजों में गुरू पुर्णिमा का महोत्सव मनाया गया। शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल संस्थान द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स?कूल में गुरूपुर्णिमा महोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों एवं गुरूजनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अयोजन किया। जिसमें गुरू-शिष्य परम्परा पर आधारित नृत्य नाटिक, भाषण आदि का समावेश था।

सिद्ध भाऊ ने कहा कि गुरू सेवा का फल ज्ञान है, ज्ञान का फल अज्ञान से विरक्ति तथा ज्ञान का स्थायित्व और विरक्ति का फल सांसारिक बंधनों से मुक्ति है। इस हेतु हमारा मार्ग गुरू ही प्रशस?त करता है, इसलिए हम सदैव ही गुरू की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए जीवन पथ पर अग्रसर रहें। इधर, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्रार्थना सभा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में गुरू पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया। सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु ही पथ प्रदर्शक व मार्गदर्शक है जो अपने विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करते हैं, गुरु का मार्गदर्शन ही हमें अच्छे शिष्य के साथ अच्छा इंसान भी बनाता है, अत: सदैव अपने गुरुओं का सम्मान करें। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा दिवस पर कार्यक्रम संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी एवं सभी विभागों की शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं।

**एल.वी.एस. ग्रुप ऑफ स्कूल्स में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरूपूर्णिमा महोत्सव:** संत सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकन्ड्री स्कूल, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स स्कूल एवं एल.वी.एस. प्ले स्कूल के छात्रों ने गुरू पूर्णिमा श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर छोटे बच्चों द्वारा गुरू के सम्मान में ग्रीटिंग कार्ड, ड्राईंग बनाई गई एवं फैन्सी ड्रेस का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा एकलव्य की कहानी पर नाट्य प्रस्तुति दी गई जिसमें गुरू की महिमा का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय में सुखमनी पाठ साहिब, सुंदरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा के पाठ का भी आयोजन किया गया।

# स्कूल में गुरूपूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया



**भोपाल।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल खियंतानी फाउंडेशन स्कूल तथा अर्जुन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल में गुरूपूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यासागर स्कूल के निर्देशक श्री भगवान दामानी एवं श्री के. एल. मोटवानी द्वारा माँ सरस्वती, माँ भारती एवं परमहंस संत हिरदाराम साहिबजी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। श्री भगवान दामानी जी ने सभी शिक्षिकाओं एवं बच्चों को गुरूपूर्णिमा पर्व की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में बच्चों से कहा कि आपको अपने गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए। माता पिता जीवन मे सबसे पहले गुरू होते हैं और स्कूल आने पर शिक्षिका आपकी गुरू होती हैं। आपको हमेशा अपने माता पिता और शिक्षिकाओं की बात माननी चाहिए। टीचर आपको शिक्षा के साथ सद्गुण व संस्कार भी सिखाते हैं उनकी बात मानने से आप जीवन में बहुत आगे बढ़ेगे। संस्था की एकेडमिक हेड जयश्री मूर्ति ने शिक्षिकाओं को गुरूपूर्णिमा की बधाई दी । उन्होंने बच्चों को गुरूपूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरू भगवान समान होते हैं जो हमें ज्ञान देकर सही राह दिखाते हैं गुरू की महिमा को उन्होनें बहुत ही शिक्षाप्रद कहानी सुनाकर आसान तरीके से समझाया । प्रधानाध्यापिका श्रीमती मिष्ठी वासवानी ने बच्चों को बताया कि आपकी शिक्षिकाएँ हीं आपकी गुरू हैं।

# 50 भक्तों के जत्थे को रेलवे स्टेशन से अमरनाथ के लिए किया रवाना



**संत हिरदाराम नगर।** लालघाटी, हलालपुर, हनुमानग?, विजय नगर, सुल्तानिया रोड सहित हु?र क्षेत्र के लगभग 50 शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए संत हिरदाराम नगर रेल्वे स्टेशन से रवाना किया। संयोजक आनंद सबधाणी ने बताया कि हमारे क्षेत्र के 50 महिलाओं और पुरूषों का जत्था भोपाल से चलकर जम्मू और फिर पहलगाम, चंदनवा?ी के रस्ते बाबा ब?ॅनी के दर्शन कर बालटाल से होता हुआ वैष्णोदेवी के दर्शन कर 9 दिनों की यात्रा पूर्ण कर वापस भोपाल आएगा। स्टेशन पर आनंद सबधाणी, नरेश ज्ञानचंदनी, अनिल शर्मा, सावन कुमार, राहुल बबेले ने सभी को शाल-माला पहनाकर बम बम भोले के जयकारों के साथ रवाना किया। यात्रा में भोपाल से वंदना सूर्यवंशी, रुचि सूर्यवंशी, विशाल शर्मा, राहुल मालवीय, दिनेश सूर्यवंशी, विजय शर्मा, राहुल सूर्यवंशी, आयुष रायकवार, द्वारका राव, आकाश रेकवार, आशीष मालवीय, आयुष, विशाल शर्मा, राहुल मालवीय, दिनेश, पीयूष शर्मा, विजय शर्मा सहित कुल 50 भक्त मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुए।

# टारा हिल्स स्थित कस्तूरी रॉयल पार्क में गुरु पूर्णिमा पर हुआ कार्यक्रम

**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर कटारा हिल्स स्थित कस्तूरी रॉयल पार्क में कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सिया कल्चरल सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं महाराज श्री कृपा मानस मंडल के सम्मिलित प्रयास से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप मे स्वामी सूर्यानंद महाराज अयोध्या धाम से पधारे साथ ही पुरुषोत्तम सोनी उरइ से पधारे। कार्यक्रम में प्रथम प्रख्यात श्री राम कथावाचक व संत ब्रह्मलीन परम पूज्य राजेश्वरानंद सरस्वती महाराज का पूजन उनके शिष्यों द्वारा किया गया । उसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ और भजनो की गायन किया गया। सुन्दरकांड की शुरुआत श्री गणेश एवं सरस्वती वंदना से हुई। दोहे और चौपायी के बीच संपुट गुरु पद रज मृदु मंजुल अंजन नयन अमिय दृग दोष विभजन का उपयोग किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का गायन श्रवण पूरी तन्मयता के साथ किया। मंडली ने भजनों की भावमयी प्रस्तुति दी। भक्तिभाव से पूरा कार्यक्रम संपूर्ण हुआ। पूरा कार्यक्रम रवीन्द्र सिंह भदौरिया जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला भदौरिया द्वारा की गई। संचालन शिवांगी भदौरिया, सौरभ भदौरिया, सतीश महतो ने किया। प्रस्तुति हरिशंकर विश्वकर्मा, शिवांगी भदौरिया, राजाराम , नितिन द्वारा दी गई ।

# क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल में गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया



**भोपाल।** क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल बैरागढ़ में 3 जुलाई दिन सोमवार को गुरू पूर्णिमा का पर्व बड़े ही उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के संचालक डॉ. मेनिस मैथ्यूज का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। संचालक महोदय द्वारा बच्चों को गुरू पूर्णिमा का महत्व बताया गया। उनके अनुसार बच्चों को अपने माता-पिता, शिक्षकों व बच्चों का आदर सम्मान करना चाहिए एवं कहना मानना चाहिए। बच्चे यदि बड़ों के अच्छे आदर्शो पर चलें तो वे प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाते हुए स्कूल के प्राचार्य परमेन्दर दरयानी ने बच्चों को संबोधित किया एवं गुरू पूर्णिमा के महत्व को समझाते हुए ज्ञानवर्धक बातें बताई। अंत में विद्यालय की उप-प्राचार्या रीना मंडलोई द्वारा बच्चों को ज्ञानवर्धक कहानी द्वारा गुरूपूर्णिमा के महत्व को समझाया गया।

# सर्व राव समाज महासभा द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित



**भोपाल।** सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज में सामाजिक संगठन सर्व राव समाज महासभा द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न किया गया जिसमे समाज के प्रमुख वरिष्ठों कों वरिष्ठ नागरिक सम्मान, वंश लेखकों कों वंश लेखक सम्मान व छात्र / छात्राओं कों उत्कृष्ठ शिक्षा के लिऐ विशेष प्रतिभा सम्मान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिको कों उत्कृष्ट समाज सेवक सम्मान एवं समाज कों अंतर राष्ट्रीय स्तर पर कवि सम्मेलनों के माध्यम से समाज कों गौरान्वित करने हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष कवि मिथुन मिथलेश राव कों विशेष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में पि.व.मोर्चा पूर्व प्रदेश अध?क्ष भगतसिंह कुशवाह जी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता प्रसाद माली इत्यादि कई राजनैतिक हस्तियां उपस्थित रहें। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में 110 लोगों का सम्मान किया गया, यह आयोजन राज्य स्तरीय आयोजन के रूप में संपन्न किया गया जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों से सामाजिक बंधु पधारें सामाजिक संगठन सर्व राव समाज महासभा भारत वर्ष में राव भाट भट्ट ब्रह्मभट्ट समाज के बड़े स्तरों के आयोजनों के लिऐ जाना जाता हैं विगत कई वर्षो से मप्र महासभा परिवार समाज कों जोड़ने व उत्कृष्ट कार्यों के लिऐ एक प्रेरणा दायक संगठन के रूप में निरंतर सामाजिक कार्य कर्ता आ रहा हैं। इस समारोह में 38 जिलों के सामाजिक बंधुओ ने सहभागिता की प्रदेश अध्यक्ष अशोक राव राठौर, संरक्षक विमल राव,वरिष्ठ प्रचारक कैलाश चंद्र, मात्र शक्ति प्रदेश अध्यक्षा विष्णु राव,उपाध्यक्ष मिथुन राव, कोषाध्यक्ष नरेश राव,सचिव अमित राव,सयुक्त सचिव राजकुमार राणा, रमेश कटारिया,नरेद्र राव,गोविंद राव, हरीश राव,बाबूलाल भाट, देवेन्द्र राव,संजय सोनराज,बबलू राव, रामचंद्र राव आदि मौजूद रहे।

# स्वर्ण जयंती पार्क गोविंदपुरा में लगाए पौधे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय, नेहरू युवा केन्द्र के राज्य समन्वयक सुरेन्द्र शुक्ला, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी, स्थानीय पार्षद राकेश यादव की उपस्थिति पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कुंजल वेलफेयर सोसायटी की निदेशक प्रभा गौर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व युवक केन्द्र और संस्था द्वारा 5 जून से 5 जुलाई 2023 तक चलाए जा रहे प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। संस्था द्वारा इस अभियान के तहत शहर भर में वृक्षारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, सफाई अभियान और कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने की अपील की और उन्हें संरक्षित करने पर भी बल दिया। महापौर मालती राय जी ने उपस्थित जनसमूह से भोपाल को प्लास्टिक मुक्त करने में सहयोग मांगा और उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण फीडबैक के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों से भोपाल को नम्बर 1 बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। संस्था से प्रभा गौर द्वारा सैकड़ों लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। काली के दौरान दो सौ से भी अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में हर क्षेत्र और हर उम्र के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान कुंजल वेलफेयर सोसायटी और अन्य सामाजिक संस्थाओं के आमंत्रित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पौधारोपण किया।

## प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर हुई कार्यशाला



**भोपाल।** विश्व पर्यावरण माह के दौरान अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस को रेखांकित करते हुए कुंजल वेलफेयर सोसायटी और विश्व युवक केन्द्र ने प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों और विषय विशेषज्ञों का स्वागत पौधा भेंट कर करते हुए प्रियल ने यूनाइटेड नेशन इनवायरमेंट प्रोग्राम द्वारा जारी प्लास्टिक प्रदूषण के आंकड़े साझा किए। उन्होंने अपने पावर पाइंट प्रजेंटेशन से इस वर्ष की थीम के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के लिए किए गए बेहतरीन कार्यों की झलकियां पेश की। संस्था ने स्कूली छात्रों के बीच चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जिसका विषय प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान- आज और कल रखा गया।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सहायक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका :शिवराज सिंह चौहान

### संगठन ने मुख्यमंत्री को अभिनंदन-पत्र भेंट कर हाल में की गई घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए हाल ही में उनके हितों में अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं। मुख्यमंत्री चौहान सोमवार को नरसिंहपुर जिले के तेंदूखे?ा में आंगनवाड़ी और रोजगार सहायकों के संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. विश्वास कैलाश सारंग, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह और साधना सिंह भी मौजूद थी। तेंदूखेड़ा के मंडी प्रांगण में रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के संगठन ने हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा उनके हितों में की गई घोषणाओं के संदर्भ में उन्हें अभिनंदन-पत्र और स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री चौहान का तेंदूखेड़ा के ग्राम हीरापुर, उमरपानी, भूरासुन्हेटी, टेकापार, ग्वारी तिराहा, मनकापुर तिराहा, भामा और अन्य स्थानों पर ला?ली बहनाओं ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्राम भामा में ग्रामीणों की माँग पर शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकण्डरी स्कूल में परिवर्तित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये संकल्पित है। इसी के अनुरूप मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना लागू की गई है। इस योजना में पात्र बहनों के खाते में हर माह की 10 तारीख को नियमित रूप से 1000 रूपये की राशि अंतरित होती रहेगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ अब 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को भी मिलेगा। इसके लिये जल्द ही पोर्टल शुरू किया जाएगा।

#### जन-सेवा मित्रों से संवाद

मुख्यमंत्री चौहान ने जन-सेवा मित्रों से संवाद किया। उन्होंने शिवानी विश्वकर्मा से लोगों की राय जानी। शिवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हो रही है। जन-सेवा मित्र राज्य शासन की योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

#### मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री चौहान ने जन-समुदाय को बताया कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय प्रतिमाह 10 हजार से बड़ा कर 13 हजार रूपये किया गया है। मानदेय में इन्सेन्टिव के रूप में 1000 रूपये की वृद्धि प्रति वर्ष की जायेगी। मिनी आँगनवा?ी कार्यकर्ताओं को 6500 रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। सहायिका से आँगनवाड़ी कार्यकर्ता पर पदोन्नति के लिये 50 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्त होने पर एक मुश्त एक लाख 25 हजार रूपये और सहायिकाओं को एक लाख रूपये उपलब्ध कराये जायेंगे। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का शासकीय कर्मचारियों की तरह 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा कराया जाएगा।

#### रोजगार सहायक के हितों में की गई घोषणा का उल्लेख

मुख्यमंत्री चौहान ने अपने संबोधन में पिछले दिनों रोजगार सहायकों के हितों में की गई घोषणाओं का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि रोजगार सहायक को 9 हजार रूपये मासिक मानदेय के स्थान पर 18 हजार रूपये, सामान्य अवकाश सहित प्रसूति अवकाश, मातृत्व अवकाश के साथ ही पितृत्व अवकाश दिया जायेगा। पंचायत सचिव की नियुक्ति में 50 प्रतिशत स्थान रोजगार सहायकों के लिये सुरक्षित रहेंगे।

#### तत्काल मिली 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने अपने भ्रमण के दौरान जीरा बाई से संवाद किया। जीरा बाई ने बताया कि पिछले एक साल में उनके पति एवं 2 बच्चों का देहान्त हो चुका है। घर में अब कमाई का कोई जरिया नहीं है। मुख्यमंत्री चौहान ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जीरा बाई को तत्काल 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये। जिस पर रेडक्रॉस की ओर से 2 लाख रूपये की सहायता जीरा बाई को प्रदान कर दी गई।

## माथुर चतुर्वेदी समाज की बैठक संपन्न



भोपाल। श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषदक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और श्री माथुर चतुर्वेदी समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भोपाल में आयोजित किया गया । समाज के प्रवक्ता पुनीत चतुर्वेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर से कार्यकारिणी के 150 सदस्य और 19 राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे भोपाल के ललित किशोर चतुर्वेदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे

जिन्होंने पोखरण परमाणु विस्फोट वैज्ञानिक अब्दुल कलाम साहब और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की कोर ग्रुप में कार्य कर विस्फोट को अंजाम दिया था। महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने उनका स्वागत पूरी परिषद की ओर से किया। राष्ट्रीय महासचिव प्रणव चेतन चतुर्वेदी नें महा परिषद का विस्तृत प्लान प्रस्तुत किया । समाज की जनगणना के प्रभारी मुंबई के सी पी चतुर्वेदी ने बताया कि समाज की उपस्थिति 18 देशों और देश के 300 शहरों तक बताया समाज में शिक्षा का स्तर 100 प्रतिशत पाया गया वहीं पुरुष महिला के अनुपात में अंतर पर चिंता व्यक्त की गई ।

इसके पश्चात समाज के युवक-युवतियों का पहला परिचय सम्मेलन आरंभ हुआ कुछ बच्चों ने स्वयं एवं उसके परिजनों ने बच्चों की जानकारी समाज के लोगों को उपलब्ध कराई ,कुल 145 बच्चों औरपरिजनो नें मंच से उपस्थिति दर्ज कराई जो नहीं आ सके थे उनका इसका बायोडाटा रख लिया है भविष्य में उपलब्ध कराया जाएगा।

साथ ही समाज के 80 वर्षों से ऊपर के बुजुर्गों का स्वागत और सम्मान पदाधिकारियों द्वारा किया गया बुजुर्गों का आशीर्वाद सभी लोगों के लिए जरूरी होता है यह संदेश समाज की ओर से दिया गया । कार्यक्रम के समापन पर समाज के युवा जो मथुरा से पधारे थे नें बृज के मधुर गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का आयोजन महापरिषद की मध्यप्रदेश इकाई और भोपाल जिला इकाई द्वारा किया गया ।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी की माताजी स्व. जानकी देवी सूर्यवंशी की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की।**



## गुरु पूर्णिमा भारतीय सनातन संस्कृति का विशिष्ट पर्व : योग गुरु महेश अग्रवाल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इंडस कॉलोनी फेज 1 बाबड़िया कलां रोड भोपाल के योग साधकों द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु जनों का सम्मान करके सामूहिक योग अभ्यास एवं का उच्चारण करते हुए सभी के स्वस्थ मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कालोनी अध्यक्ष रमन श्रीवास्तव, वरिष्ठ योग गुरु पुष्पा भदौरिया, सुशीला दीक्षित, डॉ. अरुणप्रकाश माथुर, अनिलप्रकाश माथुर , रमेश कुमार साहू, कृष्णा तिवारी, संध्या माथुर, सविता गुप्ता, विमला साहू, मनीषा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, किरण जौहरी, उर्मिला सिंह, दीप्ती दूरवार, प्रीति सेठ, मंजू श्रीवास्तव,सविता गुप्ता, निशा सिंघई, ज्योति खरे, प्रदीप खरे, ज्योति परिहार, चन्द्रकांता शर्मा, सुकेसिनी इक्का, स्नेहलता देशमुख, डी के देशमुख, सभी नियमित योग साधक एवं कॉलोनी के सम्मानीय रहवासी एवं बच्चें उपस्थित रहे।

## लंबे समय से अधूरी पड़ी रेरा की परियोजनाएं की जा रही पूरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा ऐसी परियोजनाएँ जो लम्बे समय से अधूरी पड़ी हुई हैं अथवा जिनमें काम बंद है, उन परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी परियोजनाएँ, जिनमें निर्माण की समयावधि व्यतीत हो चुकी है और जिनका समय-सीमा विस्तार भी समाप्त हो चुका है, उन्हें पूर्ण कराने के लिए प्राधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 8 में नियमित समीक्षा की जा रही है। प्राधिकरण अध्यक्ष एवं सदस्य ने इंदौर में संभागायुक्त और जिला कलेक्टर के साथ बैठकें की है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा रतलाम एवं खण्डवा जिलों में अधूरी परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की गई है। बैठकों में ऐसी परियोजनाओं को पूरे किए जाने के लिए स्थानीय स्तर पर सघन प्रयास करने के संबंध में गहन विमर्श हुआ।

हाल ही में प्राधिकरण द्वारा आकृति एक्वासिटी, आर्चिड हाइट्स एवं एस्टर सीरीज परियोजनाओं का कार्य मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधो-संरचना विकास मण्डल से कराने का निर्णय इसी संदर्भ में लिया गया है। प्राधिकरण ने इन 3 परियोजनाओं में आकृति एक्वासिटी परियोजना का पंजीयन विभिन्न अनियमितताओं के कारण प्रतिसंहरित किया गया था, जबकि अन्य 2 परियोजनाएँ समय-सीमा समाप्त होने से व्यपगत हो गईं थी।

भू-संपदा अधिनियम, 2016 की धारा 8 में ऐसी परियोजनाएँ जो व्यपगत हो गई हैं या जिनका पंजीयन प्रतिसंहरित किया गया है, प्राधिकरण के विवेकाधीन हो जाती हैं और प्राधिकरण उनके बारे में समुचित निर्णय ले सकता है। इन 3 परियोजनाओं में प्राधिकरण ने यह पाया कि प्रमोटर के द्वारा आवंटितियों से प्राप्त की गई राशि का उपयोग अधिनियम के उपबंधों के अनुसार नहीं किया गया है। इस कारण से संचालक राजीव सोनी, हेमंत सोनी, एजी8 वेन्चर्स लिमिटेड पर शास्ति अधिरोपित की गई और निर्धारित राशि परियोजना के खाते में जमा किए जाने के आदेश भी दिए गए थे। प्राधिकरण ने प्रमोटर को तीनों परियोजनाओं के संबंध में विवरण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया था। एजी 8 वेन्चर्स लिमिटेड के द्वारा उपलब्ध कराए गई जानकारी में अत्याधिक विसंगतियाँ पाई गई। प्राधिकरण ने यह भी पाया कि आकृति एक्वासिटी के लगभग 34 आवंटितियों से कोई आवंटन राशि ही प्राप्त नहीं की गयी थी, जो लगभग 12-15 करोड़ रूपए होती। पर्याप्त वित्तीय संसाधन होने के बावजूद भी एजी8 वेन्चर्स लिमिटेड द्वारा उसके विरूद्ध प्रारंभ हुई दिवालिया घोषित होने की कार्यवाही का विरोध नहीं किया गया। प्राधिकरण के द्वारा ऐसे आवंटितियों के मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया अभी निरंतर है। प्राधिकरण को यह विश्वास है कि उपर्युक्त परियोजनाओं की अविक्रित भू- संपत्ति एवं आवंटितियों से प्राप्त होने वाली शेष राशि से परियोजनाओं के अधूरे कार्य को मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधो-संरचना विकास मण्डल से पूरा कराया जा सकेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने वीडियो कॉल से अस्पताल में भर्ती मरीजों से जाने हाल-चाल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सोमवार को वीडियो काल से पन्ना और सीहोर जिले के अस्पतालों में भर्ती मरीजों से संवाद किया। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं और उपचार के संबंध में चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने पन्ना जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्र नगर में मरीजों को मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ डीएमओ डॉ. अभिषेक जैन से चर्चा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिये पहुँचे मरीजों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। दवाइयाँ निःशुल्क मिल रही हैं। सीहोर जिले के जावर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों ने बताया कि उन्हें उपचार, निःशुल्क दवाइयाँ और भोजन भी मिल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर वेदाखे?ी में उपचार कराने पहुँचे मरीजों से चर्चा की। मरीजों ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक खुला रहता है। सेंटर पर दवाई निःशुल्क मिलती है।

## निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

### पहले दिन 4 संभाग के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 को लेकर तैयारी तेज कर दी है। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि-मंडल द्वारा मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस कमिश्नर भोपाल, इंदौर और पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा की जा रही है। तीन दिन तक चलने वाली इस बैठक का भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त श्री धर्मेंद्र शर्मा द्वारा शुभारंभ किया गया। प्रतिनिधि-मंडल ने जेंडर रेशियो, ईपी रेशियो, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, मतदान केंद्रों की सुविधाओं, 18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जो?ने, दिव्यांग मतदाता, थर्ड जेंडर मतदाता, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाता,

#### भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नर भी बैठक में रहे मौजूद

मृत मतदाताओं के नाम हटाने, संशोधन कराने, वोटर प्रतिशत ब?ाने स्वीप गतिविधियाँ संबंधी कार्यों की जानकारी ली। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की गतिविधियों, चेक पोस्ट बनाने, वर्ष 2018 के विधानसभा निर्वाचन और लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान दर्ज हुए प्रकरणों के निराकरण सहित निर्वाचन से जु? अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इससे पहले आयोग के प्रतिनिधि-मंडल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी के साथ चर्चा की।

#### विधानसभावार की समीक्षा

भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि-मंडल ने विधानसभावार तैयारियों की जानकारी ली। पहले दिन की समीक्षा में भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। बैठक में श्री नीतेश व्यास वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, श्री अजय भादू उप निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, श्री एनएन बुटोलिया वरिष्ठ प्रधान सचिव, श्री अमित कुमार सचिव भारत निर्वाचन आयोग, श्री संतोष अजमेरा डायरेक्टर स्वीप, श्री राजेश कुमार कौल अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्री बसंत कुर्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### 6 संभाग के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षकों के साथ होगी बैठक

विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि-मंडल द्वारा 3 से 5 जुलाई तक समीक्षा की जा रही है। 4 जुलाई को ग्वालियर, चंबल, सागर, शहडोल, जबलपुर और रीवा संभाग अंतर्गत आने वाले जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक होगी।

## एम्स में इंटरवेंशनल न्यूरो साइकेट्री सेवाओं का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स में सॉइकेट्रिक विभाग और एनेस्थिसियोलॉजी विभाग द्वारा इंटरवेंशनल न्यूरो-साइकेट्री सेवाओं की शुरुआत की गई। इंटरवेंशनल न्यूरो-साइकेट्री सेवाओं का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ एम्स भोपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) राजेश मलिक, डीन (अकादमिक) तथा कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) भी उपस्थित थे।



प्रो. (डॉ.) विजेंदर सिंह, विभागाध्यक्ष सॉइकेट्रिक विभाग द्वारा बताया गया कि, इंटरवेंशनल न्यूरो- साइकेट्री सेवाओं में अल्ट्रा ब्रीफ पल्स इलेक्ट्रोकन्वल्सिव थेरेपी (ईसीटी), केटामाइन इन्फ्यूजन थेरेपी और नारकोसिंथेसिस शामिल होंगे। अल्ट्रा ब्रीफ पल्स ईसीटी से रोगियों का उपचार अधिक संख्या में एवं तेज गति के साथ संभव हो सकेगा तथा इसका साइड इफेक्ट भी कम होगा। अल्ट्रा-ब्रीफ ईसीटी वर्तमान में दुनिया में उपलब्ध ईसीटी का सर्वाधिक उन्नत संस्करण है। मॉडिफाइड ईसीटी का उपयोग आमतौर पर उपचार प्रतिरोधी मामलों, कैटाटोनिया, आत्महत्या के जोखिम और दवाओं के असहनीय दुष्प्रभाव के मामलों में किया जाता है। केटामाइन इन्फ्यूजन थेरेपी, डिप्रेशन और नार्कोसिंथेसिस (एमोबार्बिटल इंटरव्यू या ड्रग असिस्टेड इंटरव्यू) के प्रतिरोधी उपचार प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, जिसका उपयोग आमतौर पर पोस्ट ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, डिसोसिएटिव डिसऑर्डर के प्रबंधन और नैदानिक विश्लेषण के लिए किया जाता है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने बताया कि सॉइकेट्रिक एवं एनेस्थिसियोलॉजी विभाग की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इससे हम ट्रीटमेंट रेजिस्टेंट प्रकृति के मामलों में इलाज करने में सक्षम होंगे।

91-7440389275
Yash Civil Contractor
Residential / Commercial
Quality Construction With
Material & Labour Rates
Contact Us :-
Bhopal. (M.P.)

## सम्पादकीय

# सरकारी अस्पताल निजी मशीनें

जिसे जहां मिलता है, अपनी जुगाड़ लगा लेता है। मध्यप्रदेश में तो कम से कम यह कहावत आम हो गई है। यानि जहां भी मौका लगा, घोटाला या भ्रष्टाचार शुरू। आज खबर आई है कि मेडिकल कालेजों में पैथालाजी जांच की आड़ में घोटाले का नया खेल हो रहा है। वैसे अभी तक सरकारी अस्पतालों में निजी मशीनें लगाकर ऐसा खेल होता रहा है। और तो और केंद्र सरकार के अस्पताल यानि एम्स तक में यही सिस्टम चल रहा है।

खबर ये है कि मध्य प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में होने वाली पैथोलॉजी जांच अब निजी एजेंसी करेगी। इनका भुगतान सरकार को ही करना है, सो खुद मशीनें न मंगा कर कंपनी से मंगाएगी और भुगतान सीधे कंपनी को किया जाएगा। इस योजना के तहत सभी 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, वायरोलॉजी लैब के 100 करोड़ से ज्यादा के उपकरण और हर कॉलेज में 5 से 8 हजार वर्ग फुट का इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है।

यही नहीं, डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन और अन्य स्टाफ के साथ-साथ बिजली पानी का खर्चा भी सरकार का होगा। और पैसा निजी कंपनी के पास जाएगा। कॉन्ट्रैक्ट 3 कंपनियों के समूह को मिला है। इनमें हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर, साइन बोर्ड, बिजली पोल बनाने वाली कंपनी आरनील टेक्नोक्राफ्ट भी शामिल है। अब ये मत पूछो कि इन कंपनियों को ठेका कैसे मिला। दावा तो यही किया जाता है और किया जाएगा कि सब काम पारदर्शिता के साथ होता है। सब कुछ आनलाइन है। कैसा आन लाइन है, यह अब सभी जानने लगे हैं।

हां, तो सरकार निजी कंपनी को पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर सरकार मुहैया कराएगी। कंपनी की जिम्मेदारी सिर्फ हर शिफ्ट में दो कंप्यूटर ऑपरेटर, एक सुपरवाइजर, मशीनों के रखरखाव, मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर और जांच में लगने वाले जरूरी रिएजेंट का रहेगा। सरकारी सूची में शामिल जिन 200 से ज्यादा जांचों की सुविधा फिलहाल मेडिकल कॉलेजों में नहीं है, उसके लिए नई मशीनें भी कंपनी लगाएगी। किसी मशीन के बंद होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का जिम्मा भी कंपनी का होगा। प्रदेश के 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में रोज 20 हजार से ज्यादा मरीज आते हैं। निजी कंपनी की प्रमुख जिम्मेदारी इन कालेजों को सौंपी गई मशीनों के रखरखाव और जांच के लिए जरूरी रिएजेंट सप्लाई की है।

सरकार निजी कंपनी को अपने खर्च पर 5 से 8 हजार वर्गफीट की लैब बनाकर देगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर में जरूरी परिवर्तन करेगी। यहां तक कि लैब की एनएबीएल यानि नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरी से मान्यता का खर्च भी सरकार देगी। लेकिन, एनएबीएल प्रमाण पत्र मिलने के बाद सरकार कंपनी को उसी जांच के लिए 20 से लेकर कुछ मामलों में तो 700 प्रतिशत तक का अतिरिक्त भुगतान करेगी।

मेडिकल कॉलेजों के पैथोलॉजी विशेषज्ञों के मुताबिक रिएजेंट का खर्च 10 से 15 प्रतिशत तक आता है। यानी 100 रुपए की जांच में अधिकतम 15 रु. रिएजेंट के लिए खर्च होते हैं। यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि इंदौर-भोपाल के मेडिकल कॉलेजों में रोज 4000 से ज्यादा की ओपीडी है। यानी सरकार को आने वाले सालों में 500 करोड़ से ज्यादा का भुगतान करना पड़ेगा तो आश्चर्य नहीं। खंडवा, शहडोल, रतलाम, शिवपुरी, दतिया, विदिशा, छिंदवाड़ा में तो नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। इनकी 100 करोड़ से ज्यादा की मशीनें और इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को दिया जाएगा। पांच कॉलेजों की पैथोलॉजी माइक्रोबायोलॉजी लैब, ब्लड बैंक लैब में लगभग 30 करोड़ की मशीनें लगी हैं। ये तो खबर के आंकड़े हैं।

सरकारी अस्पताल हों या सरकारी मेडिकल कालेज मरीजों की सुविधा के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च तो किए जाते हैं, लेकिन सही मायने में मरीजों को उतनी सुविधा मिल नहीं पाती। एम्स से लेकर हमीदिया और अन्य अस्पतालों में हजारों मरीज जाते हैं, मशीनें भी लगी हैं, फिर भी आधी से ज्यादा जांचें बाहर ही करना पड़ती हैं। अधिकांश चिकित्सकों के बंधे हुए पैथालाजी लैब होते हैं, जिनमें उन्हें चालीस प्रतिशत तक कमीशन मिलता है। सरकारी अस्पतालों में जांच के लिए नंबर भी लगता है। मजाल है कि बड़ी जांचें एक दिन या एकाध सप्ताह में हो जाएं। आपका नंबर महीने भर बाद भी आ सकता है। एम्स में तो एमआरआई के लिए तीन महीने का इंतजार आम बात है। ऐसे में लोग बाहर ही जांच कराने के लिए मजबूर होते हैं।


अब निजी कंपनियों की मशीनों की आड़ में पहले तो खरीदी में घोटाला होता है। फिर रखरखाव में, सुधार में। और इसके बाद भी उन मशीनों का लाभ आधे मरीजों को भी नहीं मिलता। यहां भी गारंटी है कि आधे से ज्यादा मरीजों को बाहर की जांच करानी पड़ेगी, चाहे कितने ही करोड़ की मशीनें लगा दी जाएं। मामला भी तो करोड़ों का है। केवल भोपाल शहर की बात करें तो डाक्टरों को एक साल में केवल जांचों में करोड़ों रुपए कमीशन के मिल जाते हैं। ऐसे में किस तरह की पारदर्शिता और कैसी ईमानदारी की बात सोची जाए?

# सुनी सुनाईः मंत्री पर ट्रिपल मर्डर का आरोप!

**रवीन्द्र जैन**

मप्र के एक मंत्री हत्या के आरोप में जेल में रह चुके हैं। मंत्री जी के ही समाज के एक युवक ने उनके गृह जिले में मंत्री जी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। युवक आम आदमी पार्टी का जिलाध्यक्ष रह चुका है। युवक के पिता कभी मंत्री जी के खास समर्थक थे, लेकिन युवक से मंत्री जी की पटरी नहीं बैठती। युवक का आरोप है कि मंत्री जी उसे जेल भी भिजवा चुके हैं। जेल से छूटकर युवक ने मंत्री जी पर हमले तेज कर दिये। पहले इस युवक ने मंत्री जी पर 500 करोड़ की कथित कमाई के आरोप लगाये। इसी बीच कुछ लोगों ने युवक पर हमला बोला। इससे युवक तिलमिला गया। बीते रविवार को युवक ने फेसबुक पर लगभग 15 मिनट का वीडियो बनाकर वायरल कर मंत्री जी पर तीन मर्डर करने का आरोप लगा दिया है। एक मामला सबको पता है। दो मामले जल्दी उजागर करने की धमकी भी दी है।

### निशा बांगरे ने की राहुल गांधी की नकल!




मप्र राज्य प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र देने वाली डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे अब राजनीति के दांवपेच सीख गई हैं। उन्होंने भोपाल में अपना सरकारी मकान खाली करते समय राहुल गांधी की तरह वीडियो बनाकर उनकी नकल करने की कोशिश की। जिस तरह संसद सदस्यता चले जाने पर राहुल गांधी से सरकारी आवास खाली कराया तो उन्होंने घर खाली करने का बेहद मार्मिक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें वे आवास विभाग के अफसरों को चाबी सौंपते दिख रहे हैं। निशा बांगरे को भी राज्य सरकार ने सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा तो उन्होंने भी अपने पति और मासूम बच्चे के साथ घर खाली करने का मार्मिक वीडियो बनाकर फेसबुक पर पोस्ट किया। यानि आप मान कर चलिये निशा मेडम में राजनेताओं के गुण दिखने लगे हैं। वैसे भी वे आमला से चुनाव लड़ने की तैयारी कर ही रही हैं।

### रोशनी की अर्जी सेक्शन!

मप्र की राजनीति में रोशनी यादव अचानक चर्चा में हैं। उनकी तीन पहचान हैं। पहली वे मप्र के पूर्व राज्यपाल राम नरेश यादव की बहू हैं। दूसरी वे मप्र के निवाडी से जिला पंचायत सदस्य हैं और तीसरी वे निवाडी विधानसभा से भाजपा में टिकट की दावेदारी कर रही हैं। रोशनी यादव अच्छी गायिका भी हैं। वे भजन गाती हैं। स्वयं को राजनीति में स्थापित करने उन्होंने इस सप्ताह ओरछा में संत समागम कराया। तय है कि संतों को उन्होंने बुलाया तो संत, रोशनी की ही तारीफ करेंगे। संत समागम में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री भी पहुंचे। भक्तों की अर्जी लगाने वाले बागेश्वर महाराज ने अपनी मजाकिया शैली में घोषणा कर दी कि रोशनी की अर्जी सेक्शन, इसीलिए विरोधियों को टेंशन। महाराज की इस घोषणा के बाद रोशनी यादव फूली नहीं समा रहीं हैं। दूसरी ओर निवाडी के मौजूदा विधायक अनिल जैन कतई टेंशन में नहीं हैं। उनका दावा है कि निवाडी में उनका काम बोल रहा है। भाजपा का टिकट उन्हें ही मिलेगा।

### विभागों को फरमान, केंद्र से पैसा नहीं मांगें

मप्र सरकार हर महीने कर्ज उठा रही है, लेकिन केंद्र पोषित योजनाओं से पैसा लेने से पीछे हठ रही है। मप्र सरकार ने सभी विभागों को मौखिक फरमान भिजवा दिया है कि केंद्र से पैसा नहीं मांगें। खासकर ऐसी योजनाएं जिनमें राज्य सरकार को अपना हिस्सा देना पड़ता है। ऐसी योजनाओं के लिए केंद्र की शर्त है कि राज्य पहले अपना हिस्सा जमा करें, तभी पैसा मिलेगा। नहीं तो ब्याज भी देना पड़ सकता है। इसलिए राज्य सरकार ने फिलहाल केंद्र की साझेदारी वाली योजनाओं से पैर पीछे खींच लिए हैं। बताते हैं कि सरकार का खजाना सूख गया है। चूकि चुनावी साल है इसलिए शोर-गुल में इसकी खबर सत्ता के बंद कमरों से बाहर ही नहीं निकल पा रही हैं।

### राजा और नायक में टकराव!

पन्ना जिले की पवई सीट से कांग्रेस के दो पूर्व मंत्रियों ने दावा




ठोक दिया है। पूर्व मंत्री मुकेश नायक और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया दोनों ने सीट से चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है। संयोग से दोनों ब्राह्मण हैं और दोनों का गृह जिला दमोह है। मुकेश नायक आजकल कमलनाथ के नजदीक हैं, जबकि राजा पटेरिया पर दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह का हाथ है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करने पर राजा पटेरिया को जेल जाना पड़ा था। उन्हें पवई जेल में रखा गया था। खबर आ रही है कि लंबे समय तक जेल में रहने के कारण पवई के मतदाताओं में राजा पटेरिया के प्रति सहानुभूति दिखाई दे रही है। दिग्विजय सिंह इसी सहानुभूति को भुनाने राजा के साथ दिखाई दे रहे हैं। तय है टिकट को लेकर राजा और नायक में टकराव तय है।

### चर्चा में आशीष-पीयूष!

मप्र की राजनीति में इस समय आशीष और पीयूष काफी चर्चा में हैं। आशीष अग्रवाल पिछले दिनों मप्र भाजपा के मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं। वे अपनी शालीनता, मिलनसारिता और कुशल मंच संचालन के अलावा मप्र के लगभग सभी जिलों के वरिष्ठ पत्रकारों से जीवंत संपर्क बनाने के लिए चर्चा में हैं। जबकि दिल्ली में लंबे समय तक धारदार पत्रकारिता करने के बाद कमलनाथ के मीडिया सलाहकार बने पीयूष बबेले अपनी तीखी शैली और शब्दों से हमला करने के कारण चर्चा में हैं। इस समय मप्र कांग्रेस के मीडिया विभाग को आक्रमक दिशा देने का काम पीयूष बबेले और केके मिश्रा मिलकर कर रहे हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि पिछले महीने जबलपुर आईं प्रियंका गांधी का भाषण अंग्रेजी में पीयूष बबेले ने ही लिखा था। कमलनाथ के आक्रामक ट्वीट और कांग्रेस प्रवक्ताओं के तीखे तेवरों के पीछे भी पीयूष की रणनीति काम कर रही है।

### और अंत में...!

मप्र के आयुष विभाग को मप्र कोटे से केन्द्र में मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का सही नाम भी नहीं मालूम है। 21 जून को जबलपुर में योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन के चीफ गेस्ट भारत के उप राष्ट्रपति थे। इस आयोजन के लिए छपवाये गये आमंत्रण पत्र में केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह के स्थान पर उनका नाम फग्गल सिंह कुलस्ते छापा गया। जबलपुर के मीडिया में आयोजन से ज्यादा चर्चा आमंत्रण पत्र पर छपे गलत नाम की हुई। आखिर केन्द्रीय मंत्री का नाम गलत कैसे छपा?



# मोदी मंत्र और प्रियंका की गारंटी के भरोसे भाजपा व कांग्रेस

**-अरुण पटेल**

इस वर्ष के अन्त में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सत्ताधारी दल भाजपा और सत्ता में आने को आतुर कांग्रेस दोनों ही पूरी सक्रियता और संजीदगी के साथ अपनी-अपनी जमावट करने में भिड़ गए हैं। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र का सहारा है तो वहीं कांग्रेस को प्रियंका गांधी के द्वारा दी जाने वाली गारंटियों के सहारे 2018 के विधानसभा के चुनाव के मुकाबले काफी अधिक सीटें जीतने का भरोसा है। किसका मंत्र और किसकी गारंटियों पर मतदाता अपने समर्थन की मोहर लगाते हैं यह तो दिसम्बर माह में चुनाव नतीजों के साथ पता चल सकेगा। लेकिन फिलहाल दोनों दल तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की नीति पर चल रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों का ही सर्वाधिक ध्यान हारी हुई सीटों पर है जिसमें उलट-फेर कर दोनों ने सत्ता साकेत में नये सिरे से विचरण करने के मंसूबे पाल रखे हैं।

मोदी मंत्र के बाद सेवा, समन्वय और सक्रियता की थीम पर भाजपा की चुनावी रणनीति नये आकार ले रही हैं तो वहीं कांग्रेस प्रियंका गांधी की गारंटियों के सहारे और नेताओं में तालमेल बिठाने में लग गई है। भाजपा का सर्वाधिक ध्यान हारी हुई सीटों तथा कमजोर बूथों पर आकर टिक गया है और उन पर मजबूती प्रदान करने की हरसंभव कोशिश कर रही है। हर सीट पर नये सिरे से जीत की संभावनाओं की पड़ताल की जा रही है और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने हर सीट के कमजोर बूथों तक पहुंचने की रणनीति पर बिसात बिछाना आरंभ कर दिया है।




प्रदेश के बूथों पर अब 27 जून 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए मंत्र के आधार पर काम करना भाजपा ने प्रारंभ कर दिया है। मोदी के दौरे के 24 घंटे के भीतर ही इसका असर भोपाल के बूथों पर नजर आया और यही रणनीति प्रदेश के अन्य बूथों पर पार्टी अपनायेगी। राजधानी भोपाल में बूथ स्तरीय वाचनालय खोले जाने लगे हैं। इसके बाद अब हर बूथ पर सामाजिक कामों को प्राथमिकता देने की गाइड लाइन भी जारी कर दी गयी है। इस गाइड लाइन के अनुसार सामाजिक कामों में सक्रियता को लेकर बूथ कार्यकर्ताओं और नेताओं के प्रदर्शन का आंकलन भी किया जायेगा। इसके साथ ही नवाचार के कामों को लेकर अलग से मूल्यांकन होगा।

स्थानीय समीकरणों व जातिगत संरचना को देखते हुए उम्मीदवार घोषित होने से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के दौरे भी होंगे। आकांक्षी विधानसभा सीटों के प्रभारियों से संबंधित सीट का फीडबैक लिया जायेगा। लेकिन भाजपा संगठन के सामने चुनिंदा सीटों पर समन्वय की चुनौती का सामना भी होगा। इन सीटों पर वरिष्ठ नेताओं के दखल के बाद ही समन्वय हो पायेगा, इस कारण वरिष्ठ नेता सीधी निगरानी भी इन सीटों की करने लगे हैं। इनमें वे सीटें शामिल हैं जहां पर स्थानीय वरिष्ठ नेताओं में खुलकर मतभेद सतह पर आ चुके हैं। खासकर ग्वालियर-चम्बल, मालवा अंचल, बुंदेलखंड और विध्य में बड़े नेताओं के मतभेद सामने आ रहे हैं, उनसे भी भाजपा के पार्टी संगठन को दो-चार होना होगा।

सत्ता वापसी के लिए करो या मरो की तर्ज पर प्रयासरत कांग्रेस एक पूरी रणनीति के तहत काम करने लगी है। संगठन को मजबूती देने के लिए गुटों व धड़ों में बंटी कांग्रेस को एक मंच पर लाने का प्रयास हो रहा है। वैसे ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने के बाद से गुटबंदी काफी हद तक कम हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बीच पहले से ही हमेशा अच्छी ट्यूनिंग रही है। सुरेश पचौरी के भी कमलनाथ से मधुर संबंध हैं। कमलनाथ को केवल पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अरुण यादव तथा युवा तुर्क नेता जीतू पटवारी को साध कर समन्वय करना होगा। अजय सिंह और अरुण यादव तो सक्रिय हो चुके हैं इसके अलावा अन्य नेताओं को जिन्हें जो काम दिया गया है वे भी कर रहे हैं।

जीतू पटवारी अपने ढंग से पार्टी का जनाधार बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं। जबलपुर की रैली में प्रियंका गांधी ने कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर तथा 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ और 200 यूनिट का बिल हाफ करने सहित पुरानी पेंशन योजना सहित जो गारंटियां दी हैं वह कांग्रेस के वचनपत्र में शामिल होंगी। कमलनाथ भी पूरी तरह से एक्शन मोड में आ चुके हैं और लगातार तीन या उससे अधिक बार हारी एक-एक सीट पर उनकी नजर है और वे वहां सभाएं तथा बैठकें कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह संगठन की मजबूती पर फोकस किए हुए हैं और 66 से अधिक हारी हुई सीटों पर उनकी विशेष नजर है।

# सद्गुरु की तलाश में..!

**-जयराम शुक्ल**

विगत कुछ वर्षों से गुरु पूर्णिमा पर आस्था का प्राकट्य अपनी पराकाष्ठा में देखने को मिलने लगा है। इसे ऐसा भी कह सकते हैं कि अँधेरा जितना ही घना होता है रोशनी की किरण उतनी ही महत्वपूर्ण होती जाती है। भौतिकवादी दौर ने हमारे सनातनी ज्ञान और मूल संस्कृति को ढाँप लिया है। अवचेतन में हम उसी अंधकार से निकलने की चेष्टा करते हैं। पर सही पथप्रदर्शक न होने की वजह से एक गड्ढे से निकलते हैं तो चोहड़े में गिर पड़ते हैं। ऐसे में सद्गुरु की आवश्यकता और भी प्रबल हो जाती है। गुरु तो गली-गली मिल जाएंगे पर सद्गुरु को विवेक के टार्च से तलाशना पड़ता है। गुरुपूर्णिमा इस विवेक के टार्च को प्रज्जवलित करने का अवसर है जो प्रतिवर्ष आता है। जिसे सद्गुरु मिले वे वैसे ही धन्य हो जाते हैं जैसे कि गोस्वामी तुलसीदास..।

ज्ञानशिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए बजरंगबली देवता, ईश्वर नहीं, बल्कि सद्गुरु हैं। गोस्वामी जी कहते हैं-

जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीश तिहुँ लोक उजागर।।
जय जय जय हनुमान गोसाईं।
कृपा करहुँ गुरुदेव की नाईं।।

महाकवि तुलसीदास ने हनुमान जी को गुरु बनाया और उनकी प्रेरणा से रचित ग्रंथों ने उन्हें अजर-अमर कर दिया, तो मैं मानता हूँ कि हनुमानजी महाराज से बड़ा सद्गुरु इस जगत में कोई नहीं..। महाभारत में यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा- कि पंथा:?

जवाब मिला- महाजनों येन गतो सो पंथा:।

यानी कि श्रेष्ठ जन जिस मार्ग पर चलें वही अनुकरणीय- अनुशरणीय है। सो इस जगत में मैं हनुमानजी महाराज से श्रेष्ठ गुरु और किसे मानूँ.. सो अपन ने भी। बजरंगबली को गुरुदेव मान लिया। सत्य यही है कि हनुमानजी कागज-कलम मसिजीवियों के लिए प्रथमेश हैं।

गोसाईं जी जब भी वे अपने गुरु का बखान करते हैं तो समझिये हनुमान जी का ही करते हैं। हनुमान चालीसा का आरंभ.. श्री गुरु चरण सरोज रज..से करते हुए कामना करते हैं और ऐसी ही कामना की प्रेरणा देते है..

सच पूछिये जिंदगी गुरु बिन व्यर्थ है। अध्यापक, शिक्षक, उपदेशक तो हमको हर मोड़, गली, चौरस्ते में मिल जाते हैं पर गुरु नहीं। बात सिर्फ गुरु भर से ही नहीं बनती। कबीर-नानक कहते हैं गुरु नहीं ज्ञान व मुक्ति के लिए सद्गुरु चाहिए। क्योंकि सदगुरू दुर्लभ ही मिलते है, गुरू के वेश में घंटाल ज्यादा।

कभी कभी लगता है कि राम-कथा सद्गुरु और गुरुघंटाल के बीच का भी संग्राम रहा। यानी कि हनुमानजी और रावण के बीच का। पुराणों में रावण को भी तो परमज्ञानी और रक्षसंस्कृति का प्रवर्तक बताया गया है।



एक प्रसंग से मैं अपनी बात प्रारंभ करता हूँ। हनुमानजी लंका जाते हैं तो सबसे पहले लंका की कुलरक्षक देवी लंकिनी को अपनी शिष्या बनाने का काम करते हैं। लंकिनी हनुमानजी से कहती है- तू तो मेरा अहार है कैसे चोरी छुपे घुसा जा रहा है। हनुमानजी जवाब देते है..जगत का सबसे बड़ा चोर तो लंका में रहता है। पराई नारी को छल से हर लाया। तेरा काम यदि लंका की चोरों से रखवाली करनी है तो पहले रावण को ही पकड़ लंकनी भ्रमित हो गई..कि

कौन बड़ा चोर, रावण कि हनुमानजी? गोस्वामी जी कहते हैं-

मुटका एक महाकपि हनी।
रुधिर वमत धरती ढनमनी।।

इस चौपाई को संकेतों में समझिए। भला बजरंगबली के एक मुटके से कोई बच सकता है और वह भी जो राक्षस कुल का है। हनुमानजी ने लंकनी को भौतिक रूप से मुष्टिका प्रहार नहीं किया..वह मुटका ज्ञान का मुटका था। उस मुटके ने लंकनी को लंका के पापों से 'विरक्त' कर दिया। विरक्त होने के बाद

पुनि संभार उठी सो लंका।
जोरि पानि कर विनय सशंका।।

और उसके बाद लंकनी तो मानों परमज्ञानी और भगवद्चरित्र की प्रवाचक ही बन गई। गोसाईं जी ने सुंदरकांड का सबसे खूबसूरत व अर्थवान दोहा लंकनी के खाते में डाल दिया। कौन सा दोहा..

तात स्वर्ग-अपवर्ग हिय
धरी तुला एक अंग।
तूल न ताहि सकल मिलि
जो सुख लव सत्संग।।

यानी कि तराजू के पलड़े में सत्संग के सुख के आगे स्वर्ग का सुख पासंग बराबर नहीं है।

बजरंगी बली का वह मुटका ज्ञान का मुटका था, जो लंकनी की पीठ पर नहीं मष्तिष्क पर पड़ा और वह लंका में हो रहे अन्याय.. रावण के धतकरमों से 'वि-रक्त' हो गई। सद्गुरु का महात्म्य देखिए कि उससे संस्कारित शिष्य तत्काल ही अपने गुरु को उपदेश देने लगता है शुभेच्छा व्यक्त करने लगता है।

गोसाईं जी ने एक और खूबसूरत चौपाई लंकनी के खाते में डाल दी..और डालें भी क्यों न लंकनी को उन्होंने अपनी गुरुबहन जो मान लिया। तो वो चौपाई है-

प्रबिसि नगर कीजै सब काजा।
हृदय राखि कौशलपुर राजा।।

गजब की चौपाई है यह। हनुमानजी तो रामकाज के लिए कौशलाधीश भगवान रामचंद्र को हृदय में स्थापित करके ही लंका चले थे..जिस लंकनी को उन्होंने संसारसागर से विरक्त कर दिया वही अब उन्हें उपदेश दे रही है। सद्गुरु की यही असली पहचान है कि उनका शिष्य भी उन्हीं की भाषा बोलने लगे। सो मैंने अपना सद्गुरु हनुमानजी को ही मान लिया। वे मेरे लिए चमत्कारिक देवता या रुद्रांश नहीं हैं मैं उन्हें वैसे ही सद्गुरु के रूप में देखता हूँ जैसे वि-रक्त होने के बाद लंकिनी..।

बजरंगबली परमप्रभु की प्राप्ति विरक्त होने का ज्ञान देते हैं और इधर मनुष्य है कि उसका हर रिश्ता स्वार्थ की रस्सी से बँधाँ होता है। अब तो पिता और पुत्र के बीच में भी यही रिश्ता देखने को मिलता है, दूसरों को क्या कहिए।

दाढी वाले कनफुकवा तोंदियल अपन की समझ में कभी नहीं आए। एक कान में जो मंत्र फूकते हैं वह दूसरे से निकल जाता है। फिर उनके आशीर्वाद का वजन भी भक्त की आर्थिक हैसियत के हिसाब से होता है।

अजकल ऐसे महंत, पंडे भी अपनी महिमा की मार्केटिंग करते हैं। बाकायदा उनकी प्रपोगंडा टीम होती है जो प्रचारित करती है कि ये कितने महान व चमत्कारी हैं। देश और बाजार के कौन कौन जोधा उनके चेले हैं।

ऐसे भी कई गुरू हैं जो औद्योगिक घरानों के बीच अर्बिटेशन का काम करने के लिए जाने जाते हैं।

एक बार एक मित्र एक चमत्कारी संत के यहां ले गए। चुनाव का सीजन था। टिकटार्थी लाइन पर लगे थे। मित्र भी लाइन में लग गए। संतजी भगत के चढावा के हिसाब से पार्षदी से लेकर सांसदी तक की टिकट के लिए मैय्या से विनती करते थे। मित्र के लिए मैय्या से विधायकी की सिफारिश की। अब तक मित्र के उम्र की मैय्यत भी निकल गई टिकट नहीं मिली।

चमत्कारी संत के लगुआ ने बताया कि मेरे मित्र के प्रतिद्वंद्वी ने ज्यादा भक्ति की सो टिकट उसको मिल गई। सो उसी दिन समझ में आ गया कि ..जो ध्यावे फल पावे..का क्या अर्थ होता है।

बहरहाल हर गुरुपूर्णिमा में चाँदी तो इन्हीँ की कटती है। ये अपने अपने विश्वास की बात है..विश्वास जिंदा रहे..धर्म के नाम का धंधा फले फूले। इनकमटैक्स, इनफोर्समेंट की काली छाया इनपर कभी न पड़े। जनता टैक्स पर टैक्स दे देकर इनके दर पर जैकारा मारती रहे। सरकारें आती जाती रहें और आश्रमों का टर्नओवर इसी तरह दिनदूना रात चौगुना बढता रहे।

बचपन में भागवत कथा सुनने जाता था। देवताओं राक्षसों के बीच ढिसुंग-ढिसुंग की कहानियां सुनकर बड़ा मजा आता था। पर जब गुरूबाबा काम, क्रोध, मद, मोह और माया( धन दौलत) त्यागने का उपदेश देने लगते तो बोरियत होने लगती थी।

अपने गांव में देखा गुरूबाबा लालबिम्ब.और जजमान मरियल सा। रहस्य था गुरूबाबा दस दिन देशी घी की हलवा पूरी छानते थे और उनके आदेश पर बपुरा जजमान उपासे कथा सुनता था। गए साल मित्र के यहां भागवत हुई। रिश्ता निभाना था सो गया..पता चला मोहमाया, लोभ त्यागने का उपदेश देने वाले पूरे दस लाख के करारनामे में आए थे। सो ऐसे कई वाकए हैं कि न मेरा शिक्षा में कोई गुरु हुआ, न पेशे में और न ही कनफुकवा मंत्र देने वाला।

मैं तलाशता रहा कि कोई गुरु मिले स्वामी रामानंद जैसा जो कान में यह फूंकते हुए हृदय में उतर जाए ..कि जाति पाँति पूछे नहि कोय,हरि को भजै सो हरि का होय। रैदास जैसा भी कोई नहीँ मिला जिसके मंत्र ने क्षत्राणी मीरा कृष्ण की दीवानी मीरा बन गई। कबीर, नानक जैसे सद्गुरु आज के दौर में होते और तकरीर देते तो उनकी मुंडी पर कितने फतवे और धर्मादेश जारी होते हिसाब न लगा पाते। नेकी कर दरिया में डाल.. जैसा उपदेश देने वाले बाबा फरीद होते तो यह देखकर स्वमेव समाधिस्थ हो जाते कि.. नेकी की सिर्फ़ बातकर, विग्यपन छपा और टीवी में जनसेवा के ढोल बजा।

अपन ने बजरंग बली को गुरु इसलिए बनाया कि भक्तों से उनकी कोई डिमांड नहीं । सिंदूर चमेली का चोला व चने की दाल चढाने वालों दोनों पर बराबर कृपा बरसाते हैं। वे सद्बुद्धि के अध्येता हैं । डरपोक सुग्रीव को राज दिलवा दिया। विभीषण को मति देकर राक्षस नगरी से निकाल लाए व लंकाधिपति बनवा दिया वे । गरीब गुरबों के भगवान हैं । वे लिखने पढने वालों के प्रेरक हैं। वे वास्तव में सद्गुरु हैं।

हनुमत चरित अपने आप में ज्ञान का महासागर है सो साल का हर दिन ही मेरे लिए उनका प्रकटोत्सव है, गुरू पूर्णिमा जैसा है। इसलिए हर दिन उन्हें ही स्मरण करता हूँ कि बजरंगबली सदा सहाय करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## घर-घर जनसंपर्क से मतदाताओं को मिलेगी सरकार की योजनाओं की जानकारी- सत्यांश भट्ट



दमोह भारतीय जनता पार्टी मंडल हिंडोरिया द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान अंतर्गत मंडल के प्रभारी सत्यांश भट्ट (जिला सिवनी), मंडल अध्यक्ष गनेश ठाकुर द्वारा मंडल के बूथ केंद्रों पर जनसंपर्क किया एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सरकार एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं क्षेत्र की समस्याओं को उच्च नेतृत्व के समक्ष ले जाकर समाधान करने की बात कही। कार्यक्रम में अमर सिंह, जितेन्द्र ठाकुर, आशीष, देवेंद्र ठाकुर एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल हिंडोरिया के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## नोहटा पुल के पास हो चुके गहरे गहरे गड्ढे निकलने वाले राहगीर हो रहे आए दिन सड़क दुर्घटना का शिकार

### टू व्हीलर से लेकर सवारी वाहन मालवाहक जननी एक्सप्रेस 108 एंबुलेंस हो रही दिक्कत



दमोह जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर नोहटा पुल के नजदीक है बड़ी मात्रा में गहरे गहरे गड्ढे हो जाने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं जिसकी सूचना हमे मिलने पर वहां पर जाकर देखा तो दमोह से जबलपुर मार्ग नोहटा पुल के पास सड़क पर हो गये गहरे गड्ढे के बीच से निकले को मजबूर राहगीर दो पहिया वाहन से लेकर सवारी वाहन, माल वाहक हो या फिर मरीजों को लेकर जाने वाली एंबुलेंस हो या फिर सरकार द्वारा चलाई जा रही मरीजों को लाने ले जाना वाली जननी या 108 वाहन एंबुलेंस से लेकर शासन प्रशासन के अधिकारियों एवं राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार के नेता भी इसी रूट से गुजरते हैं लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है । जब इस की जानकारी फोन करके जिले के मुखिया कलेक्टर साहब को देना चाहि तो कलेक्टर साहब ने मैसेज करने को कहा जब मेरे द्वारा मैसेज पर लिखकर भेजा सर जी दमोह से जबलपुर जाने वाले मार्ग पर नाटक पुल के पास सड़क पर काफी गड्ढे हो गए जिससे आए दिन घटना हो रही हैं जिस पर कलेक्टर साहब का कोई जबाब नहीं आया।

## संत संतोख सिंह गुरुद्वारा में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



ओबैदुल्लागंज गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर में स्थित संत संतोख सिंह जी गुरुद्वारा में सिख समुदाय द्वारा सुबह से पाठ साहिब संपंत्र किया गया, 11वजे दिवान सजा, कथा वाचक जगजीत सिह (जीते) भैया ने इस अवसर पर कहा कि गुरुगोबिंद दोऊ खड़े, काके लागू पांव, बलहारी गुरु आपकी जो गौबिंद दिए बताए ! यह बात उन्होंने अपनी कथा करते हुए कहीं, कहा कि मात-पिता से बड़े गुरु होते हैं, जो गुरु की शरण में पहुंच जाए उसका जीवन धन्य हो जाता है, गुरु की सेवा और गुरु की आज्ञा का पालन ही मानव को स्वर्ग में जाने का रास्ता है। गुरूघर के वजीर भगवान सिंह ने कीर्तन कर सभी को निहाल किया ! गुरुद्वारा में अरदास के बाद प्रसाद वितरण संपंत्र हुआ ! तत्पश्चात गुरु का लंगर अटाटूट बांटा गया, गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरजीत सिंह बिल्ले, सुरजीत सिंह गिल, दीदार सिंह, लखविंदर सिंह, गंगाराम साहू, देवेंद्र सिंह (राजू), गुरपाल, रणधीर, महेंदर, नीटू, ब्रहम सिंह भूकीया, त्रिमुख राव, लक्ष्मन नायक, माताएं एवं बहने आदि लोग उपस्थित रहेद्य

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों का लगा रहा तांता हजारों श्रध्दालुओं ने किये दर्शन



दमोह ।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बांदकपुर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता पंडित रवि शास्त्री ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक लगभग 25,000 भक्तो ने जागेश्वर नाथ जी के दर्शन किये मंदिर ट्रस्ट के निर्देशन में मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक जी के द्वारा दर्शनार्थियों को शानदार व्यवस्था की गई थी वहीं पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा.

## सिद्धचक्र विधान का विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य समापन



मंडीदीप । शहर में वार्ड क्रमांक 23 स्थित मंडी बाल विहार में 1008 आदिनाथ मंदिर पर सिद्धचक्र विधान का सात दिवसीय भव्य आयोजन किया गया साथ ही विश्व शांति महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति डाली गई प्रातः काल अभिषेक के साथ शांति धारा का पाठ एवं विधान का आयोजन कर भक्तामर का पाठ कर 48 दीप द्वारा भव्य महाआरती की गई साथ ही बीना से पधारे प्रधानाचार्य प्रदीप शास्त्री द्वारा मंत्र वेद .उच्चारण के साथ सिद्ध चक्र विधान कराया गया ढोल नगाड़ों के साथ श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई साथ ही जिनेंद्र देव के जयकारों से पूरा शहर झूमता नजर आया इस मौके पर विजय पहाड़िया. दिलीप पहाड़िया. कमल पहाड़िया धर्मेंद्र जैन. अर्पित पहाड़िया .अमित पहाड़िया सहित अनेक लोग मौजूद थे

## गुरू पूर्णिमा पर ब्रह्मचारी जी के पैर धुलाकर लाल बाबा ने गुरु से लिया आशीर्वाद , भक्तों कि बापोली धाम में लगा रहा तांता

बरेली । गुरु पूर्णिमा का पर्व क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा के दिन लोगों ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई इसके बाद छींद वाले दादा जी के दर्शन करने के बाद अपने अपने गुरु से आशीर्वाद लिया ज्ञान के बिना मनुष्य अज्ञानी है ज्ञान प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में गुरु का होना आवश्यक है गुरु ही हमे ज्ञान देता है और गुरु ही हमें जीवन की राह दिखाता है. जिंदगी में गुरु का स्थान कोई नहीं ले सकता। आज यही पावन दिवस गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में नगर एवं क्षेत्र में श्रद्धालुओं के द्वारा अपने अपने गुरु की पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया गया भक्तों के अंदर अपने गुरुओं का आदर सम्मान देखा गया अपने अपने गुरुओं के दरबार में सुबह से ही उनके भक्तों का आना-जाना लगा रहा वहीं बरेली से महज 15 किलोमीटर दूर प्राचीन तपोभूमि वापोली आश्रम पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा देखा गया सर्वप्रथम ब्रह्मचारी जी एवं लाल बाबा जी ने बापोलीवाले बड़े गुरुजी की पूजन कर आशीर्वाद लया जिसके बाद बापोली धाम में ब्रह्मचारी जी के पैर धुलाकर लाल बाबा ने ब्रह्मचारी जी से आशीर्वाद लिया इसके बाद भक्तों द्वारा लाल बाबा जी के पैर पखार कर उनसे आशीर्वाद का तांता लगा रहा ग्रहण लगने के कारण लोग सुबह से ही गुरुओं के दरबार में देखे गए वही ब्रह्मचारी जी के आश्रम मांगरोल धाम में भी भक्तों का जनसैलाब देखा गया वही नर्मदा सेवाआश्रम नर्मदा पुल घाट मांगरोल पर साध्वी महंत प्रज्ञा भारती के शिष्यों द्वारा गुरु पूर्णिमा मनाई गई वही गोरा बाले गुरूजी के यहां भी भक्तों का जनसैलाब देखा गया बारी बारी से भक्त अपने गुरु के दर्शनों के लिए कतार में देखे गए 7



## विधायक काश्यप ने नित्यानन्द आश्रम में की गुरू पूजा



रतलाम । गुरू पूर्णिमा पर्व पर विधायक चेतन्य काश्यप नित्यानन्द आश्रम में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने संत श्री 1008 अवधूत श्री नर्मदानन्द बापजी महाराज के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर श्री नर्मदानन्दजी ने विधायक श्री काश्यप का शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया। गुरू पूर्णिमा महोत्सव में श्री काश्यप के साथ विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पार्षद हितेश कामरेड, सनातन सोशल ग्रुप के अनिल पुरोहित, मुन्नालाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में गुरूभक्त उपस्थित रहे।

### सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने स्कूल संचालकों को दी सख्त हिदायत

## छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बरेली पुलिस की पहल



बरेली । शिक्षण सत्र शुरू होते ही बरेली पुलिस छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अलर्ट नजर आ रही है विगत वर्ष शिक्षण संस्थान के वाहन से एक छात्र की गाड़ी का पहिया चढ़ने से मौत हो गई थी जिसके बाद पुलिस ने उक्त स्कूल पर मामला भी दर्ज किया था इस वर्ष प्रशासन उक्त घटना से सबक लेकर अलर्ट नजर आ रहा है जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके 7 जिसको लेकर रविवार को बरेली पुलिस ने थाना परिषद में स्कूल संचालकों और वाहन मैनेजमेंट की मीटिंग रखी गई जिसमें बरेली नगर के सभी स्कूलों के संचालक उपस्थित हुए स्कूल प्रभारियों को थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने द्वारा सख्त हिदायत दी गई कि वाहन व्यवस्था में वाहन फिटनेस बीमा और अन्य जो भी जरूरी काम होते हैं वह मेंटेनेंस से बाहर नहीं जाना चाहिए माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट और शिक्षा मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें बस में चलने वाले सभी स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से हो पूर्व में भी थाना प्रभारी जगदीश सिंह सिद्धू के द्वारा इस विषय को लेकर ठोस कदम उठाए गए थे परंतु स्कूल संचालकों की उदासीनता के चलते सुरक्षा व्यवस्थाएं भंग की गई अब आगे अगर स्कूल संचालक इन सारी गतिविधियों पर ठोस कदम नहीं उठाते तो पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी मीटिंग में पधारे नगर अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने भी बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल और प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्थाएं किए जाने पर जोर दिया और कहां वाहन व्यवस्थाओं में कई ऐसे ठोस बिंदु हैं जिन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है नगर में कैमरे लगाने में सबका सहयोग हो ताकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लग सके वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने कहा की बेटियों की सुरक्षा की दृष्टि से नगर में प्रशासनिक व्यवस्था होना जरूरी है और पलकों को भी इस ओर ध्यान देना जरूरी है वही समाजसेवी गौ रक्षक पवन दुबे ने सुरक्षा के इंतजामों को लेकर अपनी बात रखी 7

## स्वास्थ्य मंत्री ने वीसी के माध्यम से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

सीहोर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जिला चिकित्सालय, सीएचसी जावर तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर बेदाखे?ी में संस्था प्रभारी तथा मरीजों से वीडियों कॉल के माध्यम से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मरीजों का हाल जाना और अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्था प्रभारियों को सभी मरीजो को त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता से जिला चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड, सर्जिकल वार्ड, महिला जनरल वार्ड, पुरूष जनरल वार्ड, मातृ एवं शिशु वार्ड, मेडिकल वार्ड, हेल्पडेस्क, मन कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों की जानकारी लेते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही भर्ती मरीजों को बेहतर ढंग से सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेने पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता ने बताया कि जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 20 से 30 महिलाओं की डिलेवरी एवं 15 से 20 सीजर किए जाते है। जिला चिकित्सालय में कुल 43 चिकित्सक है, जिनमें 16 स्पेशलिस्ट तथा अन्य एनएचएम तथा रेगुलर मेडिकल ऑफिसर है। जिला चिकित्सालय में कुल 132 प्रकार की जांचे की जाती है। उन्होंने बताया कि 300 बिस्तरीय जिला अस्पताल में मरीजों के लिए कुल 510 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध है। इसके साथ डायलीसिस के 5 बेड, सीटी स्केन मशीन तथा सोनोग्रॉफी मशीन भी जिला चिकित्सालय में उपलब्ध है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डहेरिया भी उपस्थित थे।मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी वीडियों कॉल के माध्यम से अस्पताल में भर्ती प्रदुम्न वैद्य, उपचार कराने आई श्रीमती हेमलता सहित अन्य मरीजो से चर्चा करते हुए अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, दवाईयों, अस्पताल परिसर में स्वच्छता आदि के बारे में जानकारी ली।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अल्प समय के लिए रुके बरेली, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



रोहित चौधरी बरेली 7 भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहडोल कार्यक्रम उपरांत भोपाल जाते समय अल्पविराम के लिए बरेली रुके रात्रि करीब 11 बजे प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया प्रदेश अध्यक्ष ने समनापुर मिडबे ट्रीट पर भोजन किए इस अवसर पर पूर्व ज़िलाध्यक्ष शिवाजी पटेल,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र शिवाजी पटेल , ज़िला मंत्री पवन रघुवंशी, संतोष राय , पूर्व ज़िला संयोजक योगेश पटेल , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सागर तिवारी तथा युवा नेता अभिज्ञान नरेंद्र पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया ।

## भक्तिभाव से बनाए शिवलिंग, गृहस्थ संत दद्दाजी को किया नमन



छतरपुर। शहर के पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरूपूर्णिमा के अवसर पर भक्तिभाव से पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए गए। सभी श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम मां सरस्वती, साकेतवासी गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी एवं गुरूमाता की प्रतिमा के समक्ष नमन कर पुष्प अर्पित किए। महाराजपुर क्षेत्र के युवा विधायक नीरज दीक्षित की मौजूदगी में आयोजित गुरूपूर्णिमा महोत्सव में व्हीएव्ही ग्रुप के प्रबंधक शुभम दीक्षित, पंडित देव प्रभाकर इंजीनियरिंग कॉलेज की सचिव श्रीमती सरोज जैन, प्राचार्य डॉ. जे. सोनी सहित दद्दा शिष्य मंडल के सदस्यों ने धर्ममय माहौल में शिवलिंग निर्माण कर उनका अभिषेक किया तत्पश्चात गुरुदेव की आरती की।

## कुबेरेश्वरधाम पर तीन दिन में पहुंचे 10 लाख से अधिक श्रद्धालु, दो दिन में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा

### संकट के समय गुरु नहीं गुरुमंत्र काम आता है-भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा

सीहोर। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में त्रिदिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का समापन सोमवार को किया गया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुबह आठ बजे से प्रवचन का आयोजन किया गया और उसके बाद गुरु दीक्षा का क्रम रहा। दो दिवसीय दीक्षा समारोह में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आकर सामूहिक रूप से गुरुमंत्र लिया और तीन दिन तक चल इस महोत्सव में दस लाख से अधिक श्रद्धालु धाम पर पहुंचे और बाबा से प्रार्थना की।



सोमवार की सुबह प्रवचन के दौरान भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि संकट के समय गुरु नहीं गुरु मंत्र काम आता है, भरी सभा में जब द्रौपदी का चीरहरण किया जा रहा था, तो उस समय सभी चुप-चाप बैठे हुए थे, लेकिन जब द्रौपदी ने अपने गुरु की ओर देखा तो उन्होंने ऊपर की इशारा किया और द्रौपदी ने भगवान कृष्ण का ध्यान किया तो भगवान ने उसकी लाज रखी। इसी तरह संकट जब भी आए तो अपने गुरु भरोसा रखो, वहीं आपको विषम परिस्थितियों में बाहर निकालेगा। मरने के बाद भी चार चीजें हमारे साथ जाती हैं। प्रथम है पुण्य, यदि हमने कोई पुण्य किया है तो वह हमें स्वर्ग के द्वार तक ले जाएगा। दूसरा है पाप, यदि हमारे द्वारा कोई पाप हुआ है तो वह हमें नर्क के द्वार तक ले जाएगा। पाप को समय रहते भोग लेना चाहिए। यदि पाप का प्रायश्चित नहीं किया तो यह बाद में हजारों गुना ब? जाएगा। इसलिए इसे जल्दी ही भोग लेना चाहिए और यदि पुण्य किया है तो उसे भविष्य के लिए भूल जाएं क्योंकि बाद में यह हजारों गुना ब?कर लौटेगा और अधिक पुण्य लाभ मिलेगा। कहां भी गया है कि पाप हो या पुण्य दोनों ही समय रहते हैं। चक्रवृद्धि ब्याज की तरह ब?ते रहते हैं। तीसरा है कर्म, कर्म को मानव जीवन में प्रधान कहा है क्योंकि कर्म से ही हमारा प्रारब्ध बनता है और उसी अनुसार हमारे भविष्य का निर्माण होता है। आज जो भी मिल रहा है वह पूर्व में किए गए कर्मों का ही परिणाम है। गुरु मंत्र, गुरु मंत्र याने जो गुरु हमें शिक्षा देते हैं उसी को गुरु मंत्र कहते हैं और गुरु मंत्र हमे मोक्ष के द्वार तक पहुंचाते हैं।

गुरु और भगवान पर आस्था और भरोसा जरूरी

भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि मृत्यु लोक में जन्म लिया है तो आप पर उंगली उठाने वाले हजारों मिलेंगे, लेकिन हमेशा ध्यान रखना कि अपने कर्म में लगे रहना। जब लोगों ने भगवान को नहीं छो?ा तो हम तो इंसान हैं। इसलिए सदा ध्यान रखना कि छल प्रपंच में कभी मत फंसना। अगर कहीं फंसना तो देवाधिदेव के चरणों में फसना। लोग कुछ भी कहे लाख अंगुली उठाएं यदि आप भक्ति स्मरण, चित्र वृत्ति से भगवान का स्मरण करेंगे तो यही जीवन की सार्थकता है। हमेशा सत्यमेव जियो। विश्वास की मूलता होती है तो परमात्मा मिलता जरूर है। मृत्यु लोक में आए हैं तो भगवान को भजना ही प?ेगा और मृत्यु लोक के देवाधिदेव भगवान शंकर हैं और गुरु भी हमारी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते है।

**इस तरह ली भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने दीक्षा**:त्रिदिवसीय अपने प्रवचन के अंतिम दिन भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने बताया कि शहर में गीता बाई पाराशर रही जो जगह-जगह भोजन बनाने का कार्य करती थीं। उन्होंने श्रीमद भागवत कथा का संकल्प लिया था पर पैसा नहीं था। उन्होंने कथा करवाई, उस समय न भागवत थी न ही धोती कुर्ता। उन्होंने कहा कि पहले आप गुरु दीक्षा लीजिए, गुरु दीक्षा लेने हम इंदौर गए, गोवर्धन नाथ मंदिर। वहां से दीक्षा ली। मेरे गुरुजी ने ही मुझे धोती पहनना सिखाई और उन्होंने छोटी सी पोथी मेरे हाथ में दे दी। आज गुरु दीक्षा का आशीर्वाद है कि मुझे आप सभी का स्नेह और प्रेम मिल रहा है और हम सभी भगवान शिव की महिमा का वर्णन कर रहे है।

**ज्ञान की बात कही** दुष्ट प्रवृत्ति के लोग दूसरों के दिलों को चोट पहुंचाने वाली, उनके विश्वासों को छलनी करने वाली बातें करते हैं, दूसरों की बुराई कर खुश हो जाते हैं। मगर ऐसे लोग अपनी बड़ी-बड़ी और झूठी बातों के बुने जाल में खुद भी फंस जाते हैं।

मनुष्य अपना ही मित्र और शत्रु है। यदि वह साधना करता है, अपना जीवन हर तरह से संतुलित और ईश्वरीय नियमों के अनुकूल बिताता है तो वह अपना मित्र है, लेकिन यदि वह खान- पान से लेकर आचार-व्यवहार तक में अराजक है तो वह स्वयं अपना ही शत्रु है।

## मोर के 2 शिकारी पुलिस के शिकंजे में 2 फरार

सीहोर। मंडी थाना पुलिस ने रविवार की देर रात को मोर का शिकार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने मुगीसपुर रोड से पकड़ा है। वह कार में सवार थे, दो आरोपी फरार हो गए हैं, जबकि दो को पुलिस ने पकड़ा है। मामले में जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम मुगीस पुर क्षेत्र से पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहरूख निवासी आष्टा और फारूख निवासी खजराना इन्दौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मुखबिर की सूचना पर मंडी थाना पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई की है। सब इंस्पेक्टर राकेश पंथी की अगुआई में यह कार्रवाई हुई उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग कार में मोर का शिकार कर ग्राम मुगीस पुर क्षेत्र में पहुंचने वाले हैं। रात करीब तीन बजे पुलिस दल ने अल्टो कार रूकवा कर तलाशी ली तो जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास बोरी में मरी हुई मोर बरामद की गई। जबकि दो लोग कार सहित फरार हो गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आष्टा के ग्राम काकरिया पार्वती किनारे से मोर का शिकार करके लाए हैं। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था, पुलिस ने आरोपियों की रिमांड मांगी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी, जिला होशंगाबाद (म. प्र. )**

पत्र क्रमांक 2/रा.शा.वि./न. पा. इ / 2023 इटारसी दिनांक 23/06/2023

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर इटारसी में स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय इटारसी की भू सम्पत्ति जो कि नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज हैं, लीज डीड को फ्री होल्ड में परिवर्तन कराना चाहते हैं । उक्त भवन को फ्री होल्ड होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 07 सात दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं । यदि सात दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल

क्र./607/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 26.06.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा गुना जिले में मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2023_MPPHC_287745_1, (2) 2023_MPPHC_287747_1, दिनांक 11.07.2023 समय 17.00 बजे तक खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/110625/2023 परियोजना यंत्री

# सीएपीएफः 2 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में सिपाही से सहायक कमांडेंट तक क्यों हैं परेशान ? लंबा हुआ पदोन्नति का इंतजार



केंद्रीय अर्धसैनिक बल, बीएसएफ और सीआरपीएफ में खासतौर पर सिपाही से लेकर सहायक कमांडेंट तक के रैंक वाले परेशान हैं। वजह, इन्हें समय पर पदोन्नति नहीं मिल रही। केंद्र सरकार के कई विभागों में कैडर समीक्षा लंबित है। नियमानुसार, हर पांच साल में कैडर समीक्षा की प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। सीआरपीएफ और बीएसएफ में सिपाही को पहली पदोन्नति, 18 से 20 साल में मिल रही है। सीधी भर्ती के जरिए सेवा में आने वाले सहायक कमांडेंट को मौजूदा समय में डिप्टी कमांडेंट बनने में 13 से 15 साल लग रहे हैं। अगर कोई निरीक्षक है, तो उसे सहायक कमांडेंट के पद पर पहुंचने में लगभग 15 वर्ष लग जाते हैं। दो साल से कैडर अधिकारियों की समीक्षा फाइल एक टेबल से दूसरी टेबल पर घूम रही है। कभी तो मामला अदालत में होने की बात कह दी जाती है, तो कभी विचार विमर्श या जरुरी कमेंट्स मांगने के लिए फाइल विशेषज्ञों की मेज पर पहुंच जाती है। नतीजा, पिछले पांच वर्ष में सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ और असम राइफल्स में 50155 कर्मियों ने जॉब छोड़ दी है।

### पहली पदोन्नति में ही लग रहे दो दशक

सीएपीएफ से जुड़े कार्मिकों का कहना है कि बीएसएफ जैसे बड़े सीमा रक्षक बल में पदोन्नति की स्थिति ठीक नहीं है। बल में जो युवा 1989 में सिपाही भर्ती हुए थे, वे अब एएसआई बन रहे हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बल में पदोन्नति को लेकर क्या स्थिति है। सिपाही को पहली पदोन्नति मिलने में ही बीस साल लग जाते हैं। सीआरपीएफ में भी ऐसी ही हालत है। यहां भी सिपाही से हवलदार बनने में लगभग 18 साल लगते हैं। सामान्य ड्यूटी वाले हवलदार से सहायक उप निरीक्षक बनना है, तो इसमें भी कम से कम आठ साल लगेंगे। एएसआई से एसआई बनना है तो उसके लिए छह सात साल इंतजार करना होगा। एसआई को निरीक्षक बनने के लिए भी इतना ही समय लगेगा। सीआईएसएफ में सिपाही कार्यपालक से हवलदार बनने में 16 वर्ष लग रहे हैं। वहां दूसरे रैंक की पदोन्नति को लेकर भी स्थिति ठीक नहीं है। सीआरपीएफ में निरीक्षक जीडी को सहायक कमांडेंट बनना है, तो उसके लिए 15 वर्ष का इंतजार करना पड़ता है। सीआरपीएफ का पिछला कैडर रिव्यू 2016 में हुआ था। बल के लिए कैडर रिव्यू कमेटी %सीआरसी% की बैठक 15 दिसंबर 2015 को हुई थी, जबकि उसे 29 जून 2016 को कैबिनेट की मंजूरी मिली थी। इसी तरह बीएसएफ के कैडर रिव्यू को 12 सितंबर 2016 को कैबिनेट की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

### पांच साल में 654 जवानों ने की आत्महत्या

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में जवानों व अधिकारियों द्वारा आत्महत्या करने के मामले कम नहीं हो पा रहे हैं। गत पांच वर्ष में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 654 जवानों ने आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या करने वालों में छ्त्रक्क के 230, बीएसएफ के 174, सीआईएसएफ के 89, एसएसबी के 64, आईटीबीपी के 51, असम राइफल के 43 और एनएसजी के 3 जवान शामिल हैं। संसदीय समिति ने कहा है कि आत्महत्या के केस, बल की वर्किंग कंडीशन पर असर डालते हैं। सेवा नियमों में सुधार की गुंजाइश है। जवानों को प्रोत्साहन दें। रोटेशन पॉलिसी के तहत पोस्टिंग दी जाए। लंबे समय तक कठोर तैनाती न दें। ट्रांसफर पॉलिसी ऐसी बनाई जाए कि जवानों को अपनी पसंद का ड्यूटी स्थल मिल जाए। अगर ऐसे उपाय किए जाते हैं तो नौकरी छोड़कर जाने वालों की संख्या कम हो सकती है।

### समूह ए अधिकारियों की सेवाएं 1986 से संगठित

पांच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल/सीएपीएफ, जिसमें बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ और आईटीबीपी शामिल हैं। इन बलों में समूह ए अधिकारियों की सेवाएं 1986 से संगठित हैं, मगर अधिकारियों को उसका लाभ नहीं मिल सका। 2006 के दौरान जब छठे केंद्रीय वेतन आयोग ने आईएएस, आईपीएस व आईआरएस सहित अन्य सभी संगठित समूह ए सेवाओं ओजीएएस के लिए गैर कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन %एनएफएफयू% योजना शुरू की तो कैडर अधिकारियों ने भी इसका लाभ देने की मांग की।

हालांकि तब सीएपीएफ को संगठित समूह ए सेवा के रूप में मान्यता देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद कैडर अफसरों ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद 3 सितंबर 2015 के दिन अदालत ने अपने फैसले में सीएपीएफ को 1986 से %संगठित समूह ए सेवा% घोषित कर दिया। दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सर्वोच्च न्यायालय ने 5 फरवरी 2019 को दिए अपने फैसले में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 जुलाई 2019 को अपनी एक घोषणा के जरिए सीएपीएफ संगठित सेवा ए को मंजूरी प्रदान कर दी। अब कैडर अफसरों में भी यह उम्मीद जगी कि उन्हें एनएफएफयू के परिणामी लाभ मिल जाएंगे।

### रेल मंत्रालय ने दिया, मगर गृह मंत्रालय ने नहीं

रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ भी सीएपीएफ के साथ न्यायालय में सह-याचिकाकर्ता था। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद रेल मंत्रालय ने न्यायालय के आदेश को अक्षरशः लागू कर दिया। आरपीएफ को संगठित सेवा का दर्जा मिल गया। उन्हें एनएफएफयू के सभी लाभ मिल गए और साथ ही उनकी सेवा का नाम बदलकर आईआरपीएफएस कर दिया। जानकारों का कहना है कि सीएपीएफ में पुराने सेवा नियमों की आड़ में खंडित एनएफएफयू को न्यायालय के आदेश की व्याख्या कर लागू किया गया है। नतीजा, इससे सीएपीएफ कैडर अफसरों की एक बहुत छोटी संख्या को ही उसका लाभ मिल सका। अधिकांश अफसरों की पदोन्नति से जुड़ी समस्याएं जस की तस बनी रही। एक ही न्यायालय के आदेश की विभिन्न मंत्रालयों द्वारा अलग-अलग व्याख्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक, जब तक ओजीएएस %संगठित सेवा% पैटर्न के अनुसार, भर्ती नियमों/सेवा नियमों में संशोधन नहीं किया जाता है, तब तक ओजीएएस का लाभ नहीं दिया जा सकता। सीएपीएफ के अधिकारियों की मांग है कि ओजीएएस पैटर्न के अनुसार, संशोधित भर्ती नियम/सेवा नियमों के साथ कैबिनेट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पूर्ण कार्यान्वयन किया जाए। अनेकों बार मांग करने के बाद भी उनके सेवा नियम/भर्ती नियम संशोधित नहीं किए गए।

## गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के स्पोर्ट्स क्लब बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से




भोपाल। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के स्पोर्ट्स क्लब में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता दिनांक 05 जुलाई 2023 से आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 9 साल से 65 साल आयु वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी, यह प्रतियोगिता भोपाल जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर सीनियर, वेटरन पुरुष और महिलाएं वर्ग में एकल और युगल की सुविधाएं होंगी। एंट्री फी ? 500/- व 600/- होगी. और सभी खिलाडियों को टी-शर्ट फ्री दी जायेगी. व कुछ एवेंट्स मै नगद पुरस्कार भी दिये जायेंगे. एंट्री की अंतिम तिथि 4 जुलाई 2023 है। इस आयोजन के सचिव श्री हबीब हुसैन एवं आयोजक श्री आशीष अर्गल है।

## मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन ने दि अवार्ड्स एशिया 2023 में प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजिकल या डिजिटल इनोवेशन ऑफ द ईयर अवार्ड जीता

मणिपाल, एजेंसी। मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) ने एशिया में उच्च शिक्षा में अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिए द अवार्ड्स एशिया 2023 में प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। संस्था को दि अवार्ड्स एशिया 2023 में अत्यधिक सम्मानित टेक्नोलॉजिकल या डिजिटल इनोवेशन ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रौद्योगिकी और डिजिटल परिदृश्य में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एमएएचई की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

दि अवार्ड्स एशिया एक विशिष्ट कार्यक्रम है जो पूरे एशिया में उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। इस वर्ष, 20 से अधिक देशों और क्षेत्रों के 220 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया और लगभग 700 प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कीं। बाहरी न्यायाधीशों के एक सम्मानित पैनल ने प्रस्तुतियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया और तकनीकी या डिजिटल नवाचार श्रेणी में एमएएचई को विजेता के रूप में चुना।

## राजस्थान में सत्ता में वापसी और मोदी जी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तयः शाह

जयपुर, एजेंसी। जनता की नब्ज को भाँपने वाले भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह को यकीन है कि राजस्थान की जनता इस साल के अंत में होने वाले आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में 3डी गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हाल ही में राजस्थान में एक विशाल सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह विश्वास भी जताया कि नरेन्द्र मोदी का 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। शाह के आत्मविश्वास की वजह रैली में उमड़ी विशाल भीड़ थी। भाजपा के प्रमुख चुनावी रणनीतिकर ने अपने खास अंदाज में कहा कि, 'गहलोत जी, इस उम्र में इधर-उधर भाग रहे हैं। यदि इस सभा में मौजूद भीड़ का एक वीडियो उन्होंने देख लिया तो उन्हें पता चल जाएगा कि उनकी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा 2023 में राजस्थान चुनाव के साथ-साथ 2024 का लोकसभा चुनाव भी जीतेगी।' राज्य में अवैध खनन की गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं। राज्य सचिवालय से भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी और एक किलोग्राम सोना बरामद किया गया। गहलोत 2018 के चुनावों में अपनी पार्टी द्वारा किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। किसानों का कर्ज अभी तक माफ नहीं हुआ है, कर्ज नहीं चुकाने पर 19,000 किसानों की जमीन जब्त कर ली गई है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी और बलात्कार के मामले में भी राज्य देश में शीर्ष पर है।

## किआ इंडिया 4 जुलाई को करेगी अपनी बहुप्रतीक्षित नई सेल्टो स का अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की प्रीमियम और तेजी से आगे बढ़ने वाली कार निर्माता कंपनी, किआ इंडिया ने 4 जुलाई को नई सेल्टोलस का अनावरण करने की घोषणा की है। अपने नए अवतार में सेल्टो स एक नए डिजाइन और सेगमेंट के उन्नईत सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स से सुसज्जित होगी। ब्रांड सेल्टोटस ने अपने सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स और डिजाइन लीडरशिप के साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नई क्रांति की शुरुआत की है। नई सेल्टोस एक बार फ?र इस सेगमेंट को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। किआ नई सेल्टो स का टीजर भी 30 जून 2023 को जारी करेगी। किआ ने अगस्त 2019 में सेल्टो स को लॉन्चट करने के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया था और भारत के नए युग के उपभोक्ताकओं का दिल जीता लिया। 46 महीने की छोटी से उल्ले खनीय अवधि में, सेल्टोऔस 5 लाख बिक्री का आंकड़ा तेजी से पार करने वाली एसयूवी बन गई। वर्तमान में, 3.78 लाख सेल्टोखस भारतीय सड़कों पर चल रही हैं, जो किआ इंडिया की कुल घरेलू संख्याव का 53 प्रतिशत है। कंपनी ने दुनियाभर के करीब 90 से ज्याहदा बाजारों में 1.39 लाख सेल्टोरस का निर्यात भी किया है।

## न्युवोको ने एएफआर प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया

रायपुर, एजेंसी। न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, उत्पादन क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक, ने रिस्दा सीमेंट प्लांट (आरसीपी), छत्तीसगढ़ और निंबोल सीमेंट प्लांट (एनसीपी), राजस्थान में अपने अल्ट्रनेटिव फ्यूल रिसोर्स (एएफ्आर) प्रोजेक्ट को सफ्लतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की। यह बड़ी उपलब्धि फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने और सीमेंट इंडस्ट्री में सस्टेनेबिलिटी अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए न्युवोको की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अल्ट्रनेटिव फ्यूल यानि वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के साथ, कंपनी फॉसिल फ्यूल के उपयोग को कम करने और इसके पर्यावरण पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों को कम करने का प्रयास कर रही है। अल्ट्रनेटिव फ्यूल कार्बन एमिशंस को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। न्युवोको ने समर्पित रूप से एक ऐसा सिस्टम स्थापित किया है जो एग्रीकल्चर वेस्ट (पराली), आरडीएफ (रिफ्यूज्ड डिराव्ड फ्यूल), प्लास्टिक वेस्ट, नगरपालिका कचरा, बायोमास, टायर चिप्स और अन्य खतरनाक अपशिष्ट स्रोत का उपयोग करने में सक्षम है। इन वैकल्पिक ईंधनों को अपनी विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल करके, न्युवोको अपने सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है।

न्युवोको ने समान फीडिंग को सक्षम करने और सभी आवश्यक सुरक्षा इंटरलॉक को शामिल करने के लिए पायरो-प्रोसेस सिस्टम में एएफ्आर फीडिंग की शुरुआत की है।

## मप्र चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का 7वा आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट अवार्ड समारोह संपन्न

भोपाल। फेडरेशन ऑफ मप्र चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का 7वा आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट अवार्ड समारोह रविवार को द्यहुआ। इस आयोजन में अलग अलग सेक्टर में उत्कृष्ट कार्य कर रहे संस्थानो को अवार्ड दिए गए। सेज ग्रुप के अपोलो सेज हॉस्पिटल्स को ÷मोस्ट प्रोमिसिंग एंड ट्रस्टेड हॉस्पिटल ऑफ सेंट्रल इंडिया÷ के अवार्ड से नवाजा गया। सेज ग्रुप के सीएमडी संजीव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अवार्ड ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने सेज ग्रुप के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। इंजी अग्रवाल ने उपस्थित जन को अपोलो सेज हॉस्पिटल्स की सेवाओं पर प्रकाश डाला व प्रदेश के विकास लिए सबको साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा हम सब को साथ मिलकर प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाना है। अपोलो सेज हॉस्पिटल्स अपनी आधुनिकतम इंफ्रा, देश के बेहतरीन डॉक्टर्स की टीम, उत्कृष्ट मेडिकल सर्विसेस के कारण अपनी अलग जगह बना चूका है। हॉस्पिटल को द्धक्ल्ल व सभी आवश्यक मान्यता प्राप्त है। अल्प समय में हॉस्पिटल ने आम जन व चिकित्सा जगत में अपना विश्वास स्थापित कर लिया है। ई-8 एक्सटेंशन, अरेरा कॉलोनी भोपाल स्थित अपोलो सेज हॉस्पिटल्स भोपाल का पहला विश्वस्तरीय कॉर्पोरेट हॉस्पिटल होगा।अपोलो सेज हॉस्पिटल्स में हॉस्पिटल में 30 से अधिक हेल्थ केयर सुविधाएं, 100 से भी अधिक क्रिटिकल केयर बेड, 9 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर व भारत की सबसे एडवांस एमआरआई व सीटी स्कैन मशीन, एडवांस पैथोलॉजी सुविधाओं के साथ देश की अनुभवी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ की टीम है। पेशेंट किसी भी हेल्थ इमरजेंसी में अपोलो सेज हॉस्पिटल्स के इमरजेंसी नंबर 0755 -3505050 पर संपर्क कर सकते है।




Its an honourable and joyous moment for Apollo SAGE Hospitals awarded as "Most Trusted Hospital of Central India" by FEDERATION of MP Chambers of Commerce and Industry. The chief guest Shivraj Singh Chauhanji presented this award to Chairman, Er. Sanjeev Agrawal, The SAGE Group .

## मिंटो हाल में दो दिवसीय जी-20 अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



भारत सरकार द्वारा बीते दिवस भोपाल के मिंटो हाल में दो दिवसीय जी-20 अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भारत सहित 11 देशों के मानव सेवा कार्यों से जुड़े हुए प्रतिनिधियों ने भागीदारी की जिसमें मध्य प्रदेश से शामिल हुए चुनिंदा प्रतिनिधियों में विदिशा के समाजसेवी विकास पचौरी भी थे

इस दो दिवसीय कार्यशाला में देश विदेश से आए सभी समाजसेवियों ने आपस में अपने सेवा कार्यों के अनुभवों को साझा किया एवं आगामी समय में कैसे और बेहतर मानव सेवा की जा सकती है इस पर मंथन हुआ कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया एवं लगातार सेवा कार्य किए जाने पर बधाई दी विकास पचौरी ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होकर सेवा क्षेत्र में कार्य करने के लिए बेहतरीन अनुभव एवं आइडिया मिले हैं जिन्हें जल्दी ही अब पूर्व में किए जा रहे सेवा कार्यों के साथ जोड़कर शुरू किया जावेगा।

# अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के केंद्र में भारत

ब्रह्मदीप अलूने



हिंद प्रशांत,अफ्रीका के तटों से अमेरिका तक फैला हुआ विशाल भौगोलिक समुदी परिक्षेत्र है,जिसमें अरब सागर,खाड़ी क्षेत्र,हिंद महासागर,दक्षिण चीन सागर और प्रशांत महासागर शामिल हैं। यह दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले और आर्थिक रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है,जिसमें एशिया,अफ्रीका,ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका महाद्वीप शामिल हैं। हिन्द प्रशांत समुद्री व्यापार और रसद मार्गो का केंद्र है तथा भारत और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं आपस में गहरे स्तर पर संबद्ध हुई हैं। जो दुनिया के सबसे बड़े बाजारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। यह एक बहु-ध्रुवीय क्षेत्र है जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद और जनसंख्या के आधे से अधिक के लिए जिम्मेदार है। खनिज,तेल और गैस के भंडार होने के साथ ही यहां मछली भी बहुतायत पाई जाती है।

इस सदी में समुद्री कूटनीति अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के निर्धारण का प्रमुख साधन बन गई है। जलमार्ग से ही नब्बे फीसदी विश्व व्यापार होता है। हिंद महासागर में भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और वह मध्य पूर्व,मध्य एशिया,चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच स्थित है। हिन्द प्रशांत द्वीप समूह पर चीन की लंबे समय से निगाहें हैं। करीब डेढ़ दशक से चीन इस इलाक़े में अपने व्यापार,आर्थिक मदद,कूटनीतिक और व्यावसायिक गतिविधियों को लगातार बढ़ा रहा है। हिन्द प्रशांत द्वीप समूहों के संसाधनों पर चीन की नजर है,ये संसाधन चीन के विकास के लिए अहम हैं। इसलिए इन संसाधनों तक बेहतर पहुंच बनाना भी चीन की प्राथमिकता है। वहीं सामरिक दृष्टि से भी यह माना जाता है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में मजबूती,युद्धकाल में महत्वपूर्ण बढ़त दे सकती है तथा तौल मोल की कूटनीति को भी पुख्ता करती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की पहली क्षेत्रीय विशिष्ट रिपोर्ट हिंद-प्रशांत रणनीति पर फरवरी 2022 में जारी की गई थी,जिसमें यह स्पष्ट किया गया था की भारत अहम भूराजनीतिक चुनौतियों से घिरा हुआ है। ये चुनौती ख़ासतौर पर चीन और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसके रुख़ से मिल रही है। रिपोर्ट में चीन को लेकर कहा गया था कि वह आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और तकनीकी ताक़त के बल पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर प्रभाव डाल रहा है। वह दुनिया की सबसे प्रभावशाली शक्ति बनना चाहता है।

दरअसल बराक ओबामा ने जिस दौर में एशिया केंद्रित विदेश नीति पर जोर दिया था ठीक उसी समय जिनपिंग चीन की सामरिक और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए सहायता की कूटनीतिक चालें चल रहे थे। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन के उभार को रोकने के लिए कूटनीति और सामरिक रूप से अमेरिका एशिया के कई इलाकों में अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है। ओबामा काल में अमेरिका की एशिया केंद्रित नीति में जापान,दक्षिण कोरिया,थाईलैंड,फिलीपींस और ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से चीन को चुनौती देने की प्रारंभिक नीति पर काम किया गया था। ओबामा ने एशिया में अपने विश्वसनीय सहयोगी देशों के साथ ही उन देशों को जोड़ने की नीति पर भी काम किया जो चीन की विस्तारवादी नीति और अवैधानिक दावों से परेशान है। इन देशों में भारत समेत इंडोनेशिया, ताइवान, मलेशिया, म्यांमार, ताजीकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, लाओस और वियतनाम जैसे देश शामिल है। इनमें कुछ देश दक्षिण चीन सागर पर चीन के अवैध दावों को चुनौती देना चाहते है और कुछ देश चीन की भौगोलिक सीमाओं के विस्तार के लिए सैन्य दबाव और अतिक्रमण की घटनाओं से क्षुब्ध है। कजाकिस्तान, कम्बोडिया और दक्षिण कोरिया की सम्प्रभुता को चुनौती देते हुए चीन इन्हें ऐतिहासिक रूप से अपना बताता है,नेपाल और भारत के कई इलाकों पर तथा दक्षिण चीनी समुद्र पर भी चीन का इसी प्रकार का दावा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका लगातार एशिया प्रशांत के समुद्र में अपनी शक्ति बढ़ा रहे है,अमेरिका के नेतृत्व में क्वॉड की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

चीन,हिंद महासागर में भारत के हितों और स्थिरता के लिये एक चुनौती रहा है। भारत के पड़ोसियों को चीन से सैन्य और ढांचागत सहायता मिल रही है,जिसके अंतर्गत म्यांमार के लिये पनडुब्बियां,श्रीलंका के लिये युद्धपोत तथा जिबूती में इसका विदेशी सैन्य अड्डा शामिल है। इसके अलावा चीन का श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा है,जो भारत के तट से कुछ सौ मील की दूरी पर है। भारतीय नौसेना के पास अपने प्रयासों को मज़बूत करने के लिये संसाधन और क्षमता सीमित है। इसके अलावा विदेशी सैन्य ठिकानों की कमी भारत के लिये हिंद-प्रशांत में अपनी उपस्थिति बनाए रखने हेतु एक बुनियादी चुनौती पैदा करती है। चीन फ़िलहाल अपनी इंडोङ्कपैसिफ़िक रणनीति पर काम कर रहा है और वह चाहता है कि इस क्षेत्र में भारत के असर को काबू में रखा जाए। हिंदङ्कप्रशांत क्षेत्र में भारतीय भागीदारी क्वाड,आसियान और पश्चिमी हिंद महासागर में उसकी भूमिका से समझा जा सकता है। भारत ने अपने हिन्दङ्कप्रशांत नीति में आसियान की केंद्रीयता पर जोर दिया है। भारत की एक्ट ईस्ट नीति आसियान सदस्यों के साथ सहयोग बढ़ाने हेतु रणनीतिक प्रक्रिया को दिशा प्रदान करती है। क्वाड,चीनी आक्रामकता को नियंत्रित करने का आक्रामक उपाय है जबकि भारत फ्रांस सामरिक और आर्थिक सहयोग मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने मुक्त,एकजुट, समृद्ध और सुरक्षित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की बात कहते हुए बीते साल फरवरी में इंडो-पैसिफिक स्ट्रैटेजी या आईपीएस रणनीति की घोषणा की थी। अमेरिका इस रणनीति को लागू करने के लिए आसियान,क्वाड,ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे मित्र देशों और गठबंधन को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहता है। चीन के आर्थिक और सामरिक प्रभाव को रोकना ही इस रणनीति का मुख्य मक़सद है।

इस रणनीति का समर्थन करने वाले ज्यादातर देशों का विभिन्न मुद्दों पर चीन के साथ मतभेद रहा है। अमेरिका, हिंद-प्रशांत के केंद्र में है,जिसकी तमाम शाखाएं औपचारिक तौर पर उसके मित्रदेशों से जुड़ती हैं। इनमें जापान,दक्षिण कोरिया,फिलीपींस,ऑस्ट्रेलिया और थाईलैंड शामिल हैं। ताइवान और चीन के गहरे तनाव के बीच अमेरिका का ताइवान को समर्थन चीन को नागवार गुजरता है,वहीं चीन और भारत के बीच सीमा पर तनाव है और अमेरिका भारत के साथ सामरिक साझेदारी को निरंतर बढ़ा रहा है।

क्वाड के सहयोग से भारत की स्थिति हिन्द प्रशांत क्षेत्र में मजबूत हुई है। भारत अपने तटीय निगरानी नेटवर्क का उन्नयन कर रहा है। पिछले लगभग एक दशक भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल कई देशों के साथ नियमित अभ्यास कर रहे हैं। समुद्री क्षेत्र में अभ्यास का स्थान अपने आप में भागीदार देशों के साथ गहरे जुड़ाव और विश्वास का संकेत है। मालाबार और मिलान जैसे अभ्यासों ने देशों के वैश्विक समूह में भारत की स्थिति पर सही राजनयिक संदेश भेजने में मदद की है। भारत ने पोर्ट ब्लेयर,अंडमान और निकोबार द्वीप में अपनी पहली त्रिसेवा कमान तैनात की है। पहला उद्देश्य मलक्का जलडमरूमध्य के भीतर अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करना था,लेकिन इसके अलावा लक्ष्य उचित रसद सुविधाओं के साथ द्वीपों पर एक कमांड और संचार संरचना स्थापित करना था। यह त्रि-सेवा कमान भारत-प्रशांत क्षेत्र के भीतर भारतीय नौसेना के संचालन और मित्रवत नौसैनिक बलों के लिए आधार के रूप में कार्य करेगी। संयुक्त अभ्यास की अवधारणा को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन गठबंधन द्वारा सुव्यवस्थित किया गया था जो 1951 से ऐसे अभ्यास आयोजित कर रहा है। भारत नाटो का सदस्य नहीं है लेकिन इसके बाद भी चीन की चुनौतियों से निपटने के लिए उसने अमेरिका,जापान,ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों के साथ सैन्य अभ्यास करने से परहेज भी नहीं किया है।

इस सदी की शुरुआत से कर्ज की सहायता कूटनीति के तहत् चीन ने प्रशांत क्षेत्र के देशों को क़रीब 2 अरब डॉलर का अनुदान और कर्ज़ दे दिया है। सहायता कूटनीति से सामरिक लामबंदी के चीन के प्रयासों का ऑस्ट्रेलिया ने मुखर विरोध किया है,वहीं भारत,अमेरिका,जापान और दक्षिण कोरिया हिन्द प्रशांत के छोटे और तटीय देशों से कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बढ़ा रहे है। इन सबके बीच चीन की वन बेल्ट वन रोड़ परियोजना हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों को आकर्षित कर रही है,इससे निपटने के लिए अमेरिका और भारत को किसी वृहत रणनीति पर काम करने की जरूरत है। फ़िलहाल हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन हावी होता जा रहा है और यह खतरे के संकेत है।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ शिविर



**छिंदवाड़ा।** नेमा क्षारसूत्र चिकित्सा संस्थान की निदेशक डॉ रश्मि नेमा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधी वितरण किया गया 7 शिवर में संस्थान के डॉ पवन नेमा ने अपनी सेवाएं दी। उक्त शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने जांच एवं उपचार कराया। आयोजित हुए शिविरो में कुल 112 मरीजों के जटिल रोगों का उपचार किया गया। शिविर संचालक डॉ रश्मि नेमा ने बताया शिविर में जहां बड़ी संख्या में मरीजों ने उपचार करवाया वही समाज की जीवन रेखा कहे जाने वाले डॉक्टरों द्वारा भी स्वास्थ शिविर का लाभ लिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन छिन्दवाड़ा की जानीमानी स्त्री एवम प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा मोइत्रा द्वारा किया गया।

## बाहिद ख्वाजा कुरैशी बने मोहगांव कार्यवाहक अध्यक्ष

छिंदवाड़ा। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जाकिर परवेज द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ जी के निर्देश और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी की सहमति से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी का गठन करते हुये बाहिद ख्वाजा कुरैशी मोहगांव सौंसर को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, कलीम पटेल शहपुरा को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई ।

## बी.आर.एस.पार्टी ने तय किये प्रभारी एवं सहप्रभारी

छिंदवाड़ा। भोपाल प्रदेश कार्यालय में ( भारत राष्ट्र समिति ) बी.आर.एस.पार्टी प्रमुख व तेलंगाना प्रदेश के सी एम. के.सी.आर. के दिशानिर्देश अनुसार प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में प्रदेश समन्वयक व पूर्व सांसद बुद्धसिंह पटेल एवं महाकौशल क्षेत्र प्रभारी व पूर्व विधायक रामदास उइके ने छिन्दवाड़ा जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों से बी.आर.एस.पार्टी के संगठन विस्तार की दृष्टि से प्रभारी व सहप्रभारी तय कर जिम्मेदारी दी है। जिसमें छिन्दवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से प्रभारी सुरेश हिड़ाऊ, सहप्रभारी रामकुमार उईके इस प्रकार सौंसर से सदाशिव डोंगरे, प्रदीप भोवारे, पांढुर्णा से डॉ.जगदीश उईके, सुनील डोबारे, जुन्नारदेव से रामदास उईके, मनोज विश्वकर्मा, परासिया से तुलसीदास महलगवैया, रेशम नागवंशी,अमरवाड़ा से सुखराम उईके, निरंजन विश्वकर्मा , चैरई से आशीष चैरसिया व राजकुमार यादव को बी.आर.एस.पार्टी की सदस्यता अभियान चलाकर संगठन विस्तार की जिम्मेदारी देकर बधाई प्रेषित की हैं।

## जिले में अभी तक 221.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 221.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 212.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 3 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 4.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 3 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील मोहखेड़ में 7 और चांद में 47.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 152, मोहखेड़ में 171.5, तामिया में 285, अमरवाड़ा में 218.8, चौरई में 214.5, हर्रई में 493, सौंसर में 69, पांढुर्णा में 85, बिछुआ में 118.3, परासिया में 300, जुन्नारदेव में 313.8, चांद में 238.7 और उमरेठ में 213.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

छिन्दवाड़ा। जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोडी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा6वीं में प्रवेश के लिये आगामी 20 जनवरी 2024 को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है । इस परीक्षा के लिये वेबसाईट के माध्यम से आगामी 10 अगस्त 2023 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोडी की प्राचार्य श्रीमती व्ही.एस. जोशी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिये कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्रायें नजदीकी साईबर कैफे से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं । उन्होंने पालकों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों का अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन करायें ।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 6 जुलाई को

छिन्दवाड़ा। जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष एवं म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिले में वृत्त/जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा 6 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रशासनिक भवन खजरी रोड छिन्दवाड़ा में जिलास्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135, 138 व 161 के अंतर्गत पंजीबध्द प्रकरणों को छोड़कर उपभोक्ताओं की अन्य शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। जिले के विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत का निराकरण करवा सकते हैं।

## बिजली की समस्या के निवारण हेतु समन्वय समिति गठित

छिन्दवाड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने समन्वय समिति का गठन किया है। नवगठित समिति के सदस्य जिले के पीड़ित बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समन्वय बिठाकर निराकरण करेंगे व समाधान करेंगे ताकि उपभोक्ताओं को बार बार बिजली विभाग के कार्योलयों का चक्कर ना काटना पड़े। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे की सहमति से बिजली समस्याओं को लेकर एवं जिले के पीड़ित उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरव शर्मा नाटी की के निर्देश पर जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय द्वारा सर्वसम्मति से किया गया है।

## गुरूपूर्णिमा...
# भक्तों ने लिया गुरू का आशीर्वाद

### जामसांवली मंदिर में पहुंचे हजारों श्रद्धालू शहर के मंदिरों में भी लगा रहा भक्तों का तांता



छिंदवाड़ा। गुरूपूर्णिमा पर जगह जगह गुरूओं को पूजा गया शहर के मंदिरों में गुरूपूर्णिमा पर दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा साई मंदिर, दादा जी धूनीवाले मंदिर में सहित जामसांवली मंदिर में भव्य उत्सव मनाया गया हजारों की संख्या में भक्त यहां हनुमान जी के दर्शन करने के लिए जामसांवली पहुंचे मंदिर में आकर्षक सजावट की



गई थी सुबह सैकड़ों भक्तों के बीच यहां आरती की गई। गुरूपूर्णिमा पर हर्षोल्लास का माहौल देखा गया जामसांवली मंदिर में महाराष्ट्र, बैतूल, सिवनी और मंडला सहित आसपास से काफी संख्या में श्रद्धालू बजरंगबली के दर्शन करने पहुंचे बजरंगबली के सिद्ध धाम में हर साल लाखों श्रद्धालू आस्था के इस मेले में शामिल होते हैं जामसांवली मंदिर प्रबंधन के द्वारा यहां विशेष पंडाल लगाए गए थे। गुरूपूर्णिमा पर बजरंगबली जी का विशेष श्रंगार किया गया महाआरती के बाद से लगातार श्रद्धालूओं को पक्तिबद्ध तरीके से दर्शन कराए गए इस दिव्य दरबार में हर भक्तों की मनोकामलना पूर्ण होती है।

### दादाजी धूनीवाले मंदिर में की गई विशेष पूजा

छिंदवाड़ा स्थित संत दादाजी धूनीवाले दरबार में विशेष पूजा अर्चना की गई यहां श्रद्वालू भक्तों सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दादा जी का यह सिद्व दरबार है जिसमें हर भक्तों की मनोकामलना पूर्ण होती है। छोटी बाजार में स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में संत चौबे बाबा की समाधि पर भी श्रद्वालू भक्त पूजा अर्चना करने गुरूपूर्णिमा पर काफी भीड़ देखी गई कार्यक्रम में रामलीला रंगमंच छोटी बाजार में 21 जोड़ों के द्वारा पूजन किया गया

### हजारों भक्तों ने गुरुपूर्णिमा का लाभ लिया



श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त आशाराम आश्रम खजरी में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी गुरुपूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास मनाया गया । प्रात: से ही साधक , भक्तों का तांता लगा रहा जो देर रात तक जारी रहा । दिनभर कई दैवीय कार्य सम्पन्न हुए । प्रात: 10 बजे श्री गुरु चरण पादुका पूजन , 11 बजे श्री गुरुगीता पाठ , 12 बजे पूज्य बापूजी की कृपापात्र शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन हुआ। साध्वी बहन ने बताया कि गुरुपूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहतें हैं। आज का दिन साधक भक्तों के लिए विशेष दिन होता है। समिति ने सभी श्रद्धालु, भक्तों के लिए भोजन और हलवा प्रसाद की व्यवस्था की । जिसमें 26 हजार से अधिक साधक भक्तों ने लाभ लिया । जिला प्रशासन के एल आई बी की रिपोर्ट संख्या कही और अधिक है । इस सेवाकार्य में समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, गुरुकूल की संचालिका दर्शना खट्टर, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े, गेंदराव कराडे, धनाराम सनोडिया,विशाल चवुत्रे,महेश चगुलानी महिला समिति से सुमन डोईफोड़े, विमल शेरके, छाया सूर्यवंशी, डॉ. मीरा पराडकर, शकुंतला कराडे, अभिलाषा ठक्कर,आदि ने अपनी- अपनी सेवाएं दीं।

### रविदास समाज ने गुरूपूर्णिमा मनाई

रविदास समाज के पूर्व संरक्षक एवं अध्यक्ष एस.पी.सेवतिया ने बताया कि शाम 6 बजे रविदास मंदिर वार्ड नं.23 खिरका मोहल्ला छिन्दवाड़ा में समाज के अधिकांश लोगों की उपस्थिति में गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गुरू रविदास का अभिषेक एवं लंगर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यतः पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद अहिरवार , वर्तमान अध्यक्ष अरूण कुमार , ,राजेश डोले ,दीपक गोनेकर, कार्तिक डोले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीम आदि उपस्थित रहे।

### महादेव पार्टी द्वारा मनाया गुरू पूर्णिमा पर्व

छिंदवाड़ा। महादेव पार्टी द्वारा सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय गुलाबरा में श्री श्री 108 गोवर्धन जी पटेल एवं गुरू माता की पूजन पाठ के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। तत्पश्चात् पार्टी प्रमुख नितिन राय द्वारा ध्वजारोहण करते हुये उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि गुरूपूर्णिमा पर्व में गुरू द्वारा प्राप्त आशीर्वाद से समाज के अंतिम छोर का व्यक्ति सुखी जीवन व्यतीत कर रहा है । गुरूओं के द्वारा बताये गये मार्गो का हम सबको अनुशरण करना चाहिये । कार्यक्रम पश्चात् उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा एक रैली निकालकर नगर के सिद्धपीठ स्थानों पर पहुँचकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

## सभी मंडलों में आज भाजपा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन

### जिले से नियुक्त वरिष्ठजन एवं वक्तागण

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 4 जुलाई को छिंदवाड़ा जिले के सभी 33 मंडलों में पन्ना प्रमुख सम्मेलन होगा उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने सम्मेलन हेतु जिले से नियुक्त नेतागण एवं पदाधिकारी वक्ता के रूप में नियुक्त किए है जिसमें छिन्दवाड़ा नगर एक में विवेक बंटी साहू, छिन्दवाड़ा नगर दो एवं छिन्दवाड़ा ग्रामीण में अशोक यादव, चौरई नगर, चौरई ग्रामीण एवं कुण्डा मंडल में पंडित रमेश दुबे, अजय चौरे, चांद मंडल ठाकुर प्रियवर सिंह ठाकुर, बिछुआ मंडल पंडित रमेश दुबे, पांढुर्णा नगर मंडल रिजवान कुरैशी, पांढुर्णा ग्रामीण मंडल श्रीमती मीनाक्षी खुरसंगे, श्रीमती कामिनी शाह, सांवरी मंडल मारोतराव खवसे, नांदनवाड़ी राहुल मोहोड़, लोधीखेड़ा विलास घोंगे, पीपला नारायणवार नरेन्द्र परमार, मोहखेड मंडल ठाकुर प्रियवर सिंह, परासिया नगर मंडल नितिन तिवारी, शिवपुरी मंडल ताराचंद बावरिया, पगारा मंडल अशोक यादव जी, उमरेठ मंडल परमजीत सिंह विज, जुन्नारदेव नगर मंडल योगेश साहू, जुन्नारदेव ग्रामीण नत्थनशाह कवरेती, दमुआ नगर मंडल श्रीमती कांता ठाकुर, दमुआ ग्रामीण मंडल आशीष ठाकुर, तामिया मंडल अशोक यादव, अमरवाड़ा नगर मंडल शेषराव यादव, अमरवाड़ा ग्रामीण टीकाराम चन्द्रवंशी, सुरलाखापा मंडल जितेन्द्र शाह, सिंगोडी मंडल संजय पटेल, हर्रई मंडल उत्तम ठाकुर, बटकाखापा मंडल हजारी साहू, छिन्दी मंडल रामनारायण परतेती, नीलेश कंगाली वक्ता के रूप में मंडलों में पहुचेंगे एवं पन्न प्रमुख सम्मेलन सम्पन्न कराएगें । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने सभी मंडल अध्यक्षों, जिले से नियुक्त वक्तागणें से पन्ना प्रमुख सम्मेलन कराने का आग्रह किया है । छिंदवाड़ा विधानसभा पन्ना प्रमुख सम्मेलन परासिया रोड स्थित पूजा लॉन छिंदवाड़ा में सायं 4 बजे होगा । भाजपा जिलाध्यक्ष सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, संतकुमार यदुवंशी, ओम पटेल ने इस पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उपस्थित

## आज तीन दिवसीय प्रवास पर आयेंगे कमलनाथ व नकुलनाथ

### विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत




छिन्दवाड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं छिन्दवाड़ा सांसद नकुलनाथ का आज तीन दिवसीय प्रवास पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित आयोजनों में उपस्थित होंगे। सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ का 4 जुलाई को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। नेताद्वय 6 जुलाई तक छिन्दवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। दिनांक 4 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ का इमलीखेड़ा हवाईपट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तय कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे। सांय 5.50 बजे नेताद्वय कार द्वारा सिद्ध सिमरिया हनुमान मंदिर के लिये प्रस्थान करेंगे। सांय 6 बजे सिमरिया हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर जिला, प्रदेश व देश की सुख, शांति व सर्वकल्याण की कामना करेंगे। सांय 6.55 बजे नेताद्वय का शिकारपुर आगमन होगा तदोपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।दिनांक 5 जुलाई को पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ का दोपहर 12 बजे कार द्वारा होटल करण में आगमन होगा, तदोपरांत यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात नेताद्वय का दोपहर 12.45 बजे शिकारपुर आगमन होगा। शिकारपुर आगमन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। दिनांक 6 जुलाई को पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ प्रातः 10.50 बजे होटल करण में आयोजित कार्यक्रम म्मलित होंगे, तत्पश्चात दोपहर 1 बजे नेताद्वय छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।

## बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी: पं रमेश दुबे

**पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने किया शिक्षकों का सम्मान और बच्चो को उपहार भेट**



**चौरई।** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे ने सोमवार को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा कुंडा मंडल द्वारा आयोजित ग्राम कुंडा के उड़ान स्कूल में पहुंचकर स्कूल के शिक्षकों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उपस्थित छात्र छात्राओं का उपहार भेंटकर आशीष दिया। पूर्व विधायक श्री दुबे ने गुरू पूर्णिमा की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की हर क्षेत्र में प्रगति के लिए गुरु का होना आवश्यक है बिना गुरु का ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है ।बच्चों का नैतिक, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास हो, इसके लिए शिक्षकों को भी अध्ययन और अध्यात्म के प्रति समर्पित होते हुए शिक्षा में संस्कारों को सम्मिलित कर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम को कुंडा मंडल विस्तारक रितेश पांडे ने भी संबोधित किया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, मनोज भार्गव, राजेश शर्मा, खुमान सनोडिया, रूपेश चौरसिया, जितेंद्र गौतम, आनंद शर्मा, प्रीतेश दुबे, अज्जु चौरसिया समेत स्कूल शिक्षक गण व छात्र उपस्थित रहे ।

वन्दे भारत ट्रेन

## इन्दौर भोपाल को नागपुर तक छिंदवाड़ा होते हुये चलाये जाने की मांग

छिंदवाड़ा। इन्दौर से भोपाल चलने वाली बन्दे भारत ट्रेन को नागपुर तक बढाये जाने की खबर है। यात्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री से मांगकी है कि यदि इन्दौर-भोपाल को नागपुर तक बढाया जाता है तो इसे छिंदवाड़ा होते हुये नागपुर चलाया जावे, इससे छिंदवाड़ा के यात्री भारी संख्या में मिलेगे। वर्तमान में पेंचव्हेली ट्रेन चलती है जो 14 घंटे लेती है, बन्दे भारत चलेगी तो यह ट्रेन 6.7 घंटे में नागपुर से छिंदवाड़ा भोपाल होते हुये इन्दौर पहुंच जावेगी।

## खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के लिये जिले में विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण के लिये अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने का अनुरोध**

छिन्दवाड़ा। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के एक्ट 2006 के नियम 2011 के अनुसार सभी खाद्य व्यापारियों को अपने कार्य स्थल में एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा प्रशिक्षित और प्रमाणित खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जाना आवश्यक है । ऐसे खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के लिये जिले में विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जिले के सभी व्यापारी, निर्माता, विक्रेता, डिस्ट्रीब्यूटर, सप्लायर, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिल्क, मिड डे मिल और अन्य सभी खाद्य पदार्थ व्यापारी भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित शुल्क देकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## सड़क से हटाया अतिक्रमण, ठेलों को किया व्यवस्थित



छिंदवाड़ा। निगमायुक्त राहुल सिंह द्वारा शहर के मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अतिक्रमण दस्ते को समय समय पर कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। निगमायुक्त के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शहर के मुख्य मार्ग फब्बारा चौक, मेन रोड, पोस्ट ऑफिस के पास एवं एमएलबी के पास से अतिक्रमण को हटाया। इसके साथ ही राजीव गांधी बस स्टैंड से चार ठेलो को जप्त भी किया गया। अनगढ़ हनुमान मंदिर में पास लगे फल के ठेलो को सड़क से फुटपाथ की ओर व्यवस्थित किया गया जिससे यातायात सुगम हो सके। निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल प्रभारी नीरज तांबे , प्रभारी राजस्व अधिकारी साजिद खान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने जुएं में आठ लोगों को पकड़ा

परासिया। रावनवाड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संदीप कैथवास रावनवाड़ा खास में अपने घर के पास जुआ खिला रहा है। जो थाना के *उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे, सहायक उपनिरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, आरक्षक सुमित नागले, ललित भारद्वाज, बृज भलावी , ओम नरेश बघेल, अशोक रघुवंशी और मयंक रघुवंशी * की टीम के द्वारा संदीप कैथवास के घर के पास रात में ही घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर कुल 08 आरोपियों जिनमे (1) संदीप कैथवास पिता सुखराम कैथवास, (2) विशाल चंद्रवंशी पिता राजेश चंद्रवंशी निवासी दिघावानी, (3) राजू हेला पिता पन्ना लाल हेला निवासी रावनवाड़ा खास (4) विकास नामदेव पिता बसंत नामदेव निवासी रावनवाड़ा खास, (5) लवकुश विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा निवासी पेंच ईस्ट दिघावानी (6) खुशहाल कहार पिता राजू कहार निवासी रावनवाड़ा खास, (7) कासिम बेग पिता बुद्धु बेग निवासी परासिया टेक मोहल्ला, एवं (8) सुनील कश्यप पिता सिंहासन कश्यप निवासी शिवपुरी को जुआ खेलते हुए रुपए पैसे का दांव लगाते हुए पकड़ा गया एवं जुआ खेलने में प्रयुक्त कुल 4100 रुपए जब्त कर सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक थैली मुक्त दिवस

**अमरवाड़ा।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय अमरवाड़ा में विज्ञान क्लब एवं हरित क्लब के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक थैली मुक्त दिवस महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आर एन झारिया के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक लेफ्टिनेंट अरविंद धुर्वे ने विद्यार्थियों को पलारिटक मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जितेंद्र झरबडे ने विद्यार्थियों को हानिकारक रसायनों की जानकारी दी जो पर्यावरण को प्रभावित करते हैं

## गोल गंज के आदिनाथ जिनालय में हुआ समयसार महामण्डल विधान

### जैन समाज ने भक्ति भाव पूर्वक मनाया अष्टान्हिका पर्व



छिंदवाड़ा। सकल जैन समाज के साथ जिनवाणी तत्वरसिक श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के श्रावकगणों सहित इंद्र - इंद्राणियों ने विविध अनुष्ठानों के साथ आषाढ़ शुक्ल अष्टमी से आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा तक जैनदर्शन का अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका भक्ति भाव पूर्वक मनाया ओर ज्ञायक भगवान आत्मा की महिमा जानकर शांति जाप के साथ विश्व शांति की मंगल भावना व्यक्त की।

### श्री समयसार महामण्डल विधान हुआ

फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन ने बताया कि आठ दिवसीय मंगल महोत्सव का आयोजन गुजरात हिम्मतनगर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य पण्डितश्री रजनीभाईजी दोशी के सानिध्य में विधानाचार्य पण्डितश्री अशोककुमारजी जैन उज्जैन, पं. अशोकजी वैभव एवं पं. ऋषभजी शास्त्री छिंदवाड़ा के कुशल मार्गदर्शन में विधि विधान पूर्वक साआनन्द संम्पन्न हुआ। इस अवसर सकल समाज ने आचार्य कुंदकुंददेव द्वारा रचित ग्रन्थाधिराज श्री समयसारजी पर डॉ. हुकमचंद भारिल्ल जयपुर द्वारा लिखा गया श्री समयसार महामण्डल विधान की मंगलगान के साथ पूजन कर ज्ञायक भगवान आत्मा का गुणगान किया।

### ये रहे सौभाग्यशाली परिवार

आषाढ़ मास की अष्टान्हिका में आठ दिवसीय श्री समयसार महामण्डल विधान कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक श्रीमती सुनीता गोविंदप्रसाद जैन, श्रीमती मिनी अभिषेक जैन, मयूरी सौरभ जैन, दीपिका शेषमणी जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जिसमें कलकत्ता, इंदौर, जबलपुर, सिवनी, दमोह, बांकल सहित पूरे जिले से साधर्मी बंधु सम्मिलित हुए। विधान की पूर्णता पर आयोजक परिवार द्वारा साधर्मी वात्सल्य का आयोजन रखा गया जिसका सभी ने लाभ लिया।

### मंगल प्रवचनों का मिला लाभ

आठ दिवसीय महोत्सव में प्रातःकाल की सभा मे रजनीभाई दोशी द्वारा समयसरजी पर मार्मिक व्याख्यान देकर निज शुद्धात्मा की महिमा बताई तो रात्री कालीन सभा में मोक्षमार्ग प्रकाशक के आधार पर संसार के दुख एवं मोक्ष में सुख का मार्मिक उपदेश देकर सभी से साधर्मी वात्सल्य कि मार्मिक अपील की।

## दैनिक वेतन कर्मचारियों नियमित करने की मांग

### आदिम जाति कल्याण विभाग एंवं पशु चिकित्सा विभाग ने सौंपा ज्ञापन



छिंदवाड़ा। चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संयोजक भुवनलाल मालवीय ने बताया कि संघ द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग की 10 सूत्रीय एवं पशु चिकित्सा विभाग की 2 सूत्रीय मांगो को लेकर जिला कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग सहित संचालक पशु चिकित्सा विभाग को उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से आज 3 जुलाई दिन सोमवार को जिला बगीचा छिंदवाड़ा से रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक भुवनलाल मालवीय, प्रदेश उप संयोजक गोविन्द प्रसाद शिव, दिनेश भारती, अनवर भारती, सत्यनारायण भारती, रमेश, मुकेश, शनि, अनारबती, कुॅअरसा, कौशल्या, पूर्णिमा, रानी, शिव कुमारी, श्रीराम सल्लाम, अरविंद सोनी, भोला चैहान, प्रेमचंद, महेश सहित अनेकों कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञापन के प्रमुख बिन्दु अंशकालीन को नियमित करने, प्रतिमाह मिलने वाला वेतन 5 हजार रूपये से बढ़ाकर 6 हजार रूपये जैसे बटकाखापा, बिछुआ, हर्रई की तरह अन्य छात्रावासों एवं स्कूल के कर्मचारियों को दिये जाने, वर्षो से कार्य कर रहे दैनिक वेतन कर्मचारी को नियमित करने, स्थायी कर्मी को स्थापना के पदों पर समायोजन करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को प्रत्येक वर्ष पदक्रम सूची एवं जी.पी.एफ. स्लिप, प्रत्येक वर्ष 2 जोड़ी वर्दी एवं 3 वर्ष में गर्म कोट दिये जाये

## हाईटेंशन लाइन के खम्बे पर चढ़ा युवक झुलसा

छिंदवाड़ा। केवी लाइन मेंटेनेंस के लिए खंभे पर चढ़ा युवक विद्युत विभाग के फीडर ऑपरेटर की लापरवाही से हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ते ही गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जसूजा बने जन परिषद की स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी के उपाध्यक्ष



छिंदवाड़ा। अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के प्रांतीय सचिव गोविंद चौरसिया एवम बैतूल चैप्टर के अध्यक्ष विजय दीक्षित की अनुशंसा पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने स्टेट बैंक के पूर्व मुख्य प्रबंधक बलराम जसूजा को जन परिषद की इंटर स्टेट कमेटी का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। ज्ञात रहे जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 34 वर्षो से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यो में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर नौ अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 208 से अधिक एवं विदेशो में 6 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यो को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है।

बैडमिंटन चयन स्पर्धा सम्पन्न

## अनुभव ,पुष्कर, अदिति, आशिमा एवं जानवी प्रथम बने चेम्पियन



छिंदवाड़ा। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा स्थानीय ओलंपिक स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय बैडमिंटन चयन स्पर्धा का चार दिवसीय स्पर्धा का पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ इस अवसर पर समिति द्वारा विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को बीस हजार रुपये के पुरुस्कार वितरित किये गए । समापन अवसर पर जे पी सिंह ,राजेश अग्रवाल ,इन्द्रजीत सिंह बैस,जिला खेल अधिकारी आर आर नागले ,शोएब अंसारी,अजहर खान , टी आर यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । छिंदवाड़ा जिले की टीम में अपना स्थान निश्चित करने के लिए सभी खिलाड़ियों ने संघर्ष किया । आयोजक सचिव जावेद खान ने बताया की इस स्पर्धा में आशिमा,लक्ष्य, गुंजन, लक्ष्मी, खुशी, जानवी,पुष्कर, प्रथम, पलाश, प्रत्युष,आदिति, आयुषी,ऋतिक, अनुभव साहू,प्रकाश हरदिया, अभिनव साहू अपने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे पुरूष एकल का खिताब जूनियर खिलाड़ी अनुभव साहू ने जीता उन्होंने अशवंत मार्को को 2-1 से पराजित किया । स्पर्धा के निर्णायक व चयनकर्ता जावेदखान ,अशफ़ाक़ खान कोमल शाह ,साक्षी कराजगाओकर ने सहयोग किया । इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया की भोपाल व इंदौर में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा जिले के बीस खिलाड़ी चयनित किये गए जो राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे ।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट उद्यान में जामुन, पीपल और सप्तपर्णी के पौधे लगाए



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



## गुरुपूर्णिमाः विधि विधान के साथ 70 बच्चों का जनेऊ संस्कार के साथ दी गई गुरु दीक्षा

भोपाल। राजहर्ष कॉलोनी कोलार क्षेत्र में श्री लक्ष्मी नारायण संस्कृत वेद विद्या गुरुकुलम में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर पारम्परिक विधि विधान के साथ लगभग 70 बच्चों का जनेऊ संस्कार हुआ यह जानकारी गुरुकुल के संचालक अवनीश त्रिवेदी ने मीडिया को दी एवं सभी को गुरु दीक्षा दी गई। पंडित अवनीश त्रिवेदी ने बताया की गुरुकुलम की मान्यता महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड उज्जैन (म.प्र.) से है वही उन्होंने आगे बताया की अभी उनके आश्रम, जो की किराए के स्थान पर चल रहा है वहां लगभग 70 विद्यार्थी पढ़ रहे है जिनके शिक्षा, आवास एवं भोजन व्यवस्था निःशुल्क दी जाती है।

# एक परिवार को एक महीने में सरकारी योजनाओं से मिलते है 84 हजारः शिवराज

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'लाडली बहना योजना' का सहमति लेटर वितरित के बीच एक घर को गवर्नमेंट स्कीमों से होने वाली इनकम का दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि कृषक परिवार को 84 हजार रूपए से अधिक धन राशि सरकार की तरफ से प्रत्येक वर्ष मिल रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख तक का उपचार समेत अन्य योजनाएं अभी अलग से बची हैं।

वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि वह 'लाडली बहना योजना' का सहमति पत्र बांटने के लिए एक परिवार के समीप पहुंचे। इस बीच तीन बहने उनके पास पहुंची। उन्होंने पूछा कि आप तीनों बहने हैं क्या? तो मुख्यमंत्री को उत्तर मिला कि वे तीनों घर की बहू हैं। उन्हें एक-एक हजार रूपए महीना सरकार की तरफ से मिलने वाला है। इसके बाद जब उनके परिवार की खेती भूमि के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि 5 हेक्टेयर से कम भूमि है। इस तरह उन परिवार को सरकार की तरफ से किसान कल्याण सम्मान निधि के रूप में तीन हजार रूपए प्रत्येक माह प्राप्त हो रहे है। इस तरह साल भर में लाडली बहना और किसान सम्मान निधि से 72 हजार रूपए की राशि अकाउंट में आ रही है। इसी तरह उनके घर में लाडली लक्ष्मी भी मौजूद थी। उसे महाविद्यालय में साढ़े बारह हजार रूपए प्राप्त हुए। इस प्रकार एक परिवार को 84 हजार रूपए की राशि शासन की ओर से मिल रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख तक का उपचार समेत अन्य योजनाएं अभी अलग से बाकी हैं।



## किसानों को राहत और मुआवजा राशि बढ़ाई

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश में किसानों की सरकार और मध्य प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां पर इतनी सारी स्कीमों को एक साथ चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जनहानि होने पर 50 हजार रूपए की धन राशि मिलती थी। इसे बढ़ाकर अब चार लाख रूपए कर दिया गया है। पशु हानि होने पर 675 रूपए की राशि को बढ़ाकर साढ़े 37 हजार रूपए और घर की हानि होने पर 12 हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख 20 हजार रूपए कर दी गई है।

## केले की मुआवजा राशि बढ़ाई गई

माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार केले की मुआवजा धनराशि ज्यादा से ज्यादा 3 लाख रूपए से बढ़ाकर छह लाख रूपए कर दी गई है। इसका मोटिव यह है कि कृषकों को किसी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। इसके अतिरिक्त यदि केले की फसल 50 प्रतिशत से ज्यादा बेकार हो जाती है तो प्रति हेक्टेयर दो लाख रूपए तक का हरजाना दिया जाएगा।

# बाबा महाकाल के दरबार में पत्नी संग दर्शन करने पहुंचे क्रिकेटर उमेश यादव





उज्जैन। सावन महीने की शुरुआत होने के बाद से ही बाबा महाकाल के दरबार में भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है ऐसे में भारतीय टीम के दिक्कत बॉलर उमेश यादव अपनी पत्नी तानिया के साथ बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उमेश यादव मंदिर की वेशभूषा में नजर आए दोनों पति-पत्नी में पूरी आस्था श्रद्धा के साथ में बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की जानकारी के लिए बता दें कि पहले भी उमेश यादव अपनी पत्नी के साथ बाबा महाकाल के दरबार में नतमस्तक होने के लिए आ चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार उमेश यादव बाबा महाकाल की सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होने के लिए आए थे प्रांगण में पहुंचने के बाद यहां उन्होंने बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया और नंदीहॉल में बैठकर ओम नमः शिवाय का जाप भी किया।

बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन के दौरान की तस्वीरों को उमेश यादव ने अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर किया है जो कि काफी ज्यादा वायरल हो रही है। उमेश यादव भारतीय टीम के क्रिकेट खिलाड़ी होने के साथ ही भगवान में काफी ज्यादा आस्था भी रखते हैं। अक्सर उन्हें मंदिरों में दर्शन करते हुए देखा गया है और बाबा महाकाल के दरबार में उमेश यादव पहले भी आ चुके हैं। इस विषय में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी ने बताया कि उमेश यादव पत्नी के साथ पत्नी तानिया गुलाबी साड़ी पहनकर भगवान का पूजन अर्चन अभिषेक करती दिखाई दीं। यादव दंपती ने नंदी हॉल में बैठकर मंत्रों का जाप भी किया।







राजधानी के दीपशिखा शासकीय विद्यालय में बच्चों का कुछ इस तरह का स्वागत किया गया। उनका तिलक किया गया। फूलमाला पहनाई गई और उन्हें नए शिक्षण सत्र की शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों का यहां उत्साह देखने लायक था।

### विस चुनाव से पहले सीएम शिवराज की बड़ी सौगात


# लाडली बहनों को रक्षाबंधन पर मिलेंगे 1250 रुपए



भोपाल। प्रदेश की सवा करोड़ लाडली बहनों के लिए रक्षा बंधन का दिन बेहद सौगातों भरा रहने वाला है। असल में सीएम शिवराज सिंह अपनी प्रत्येक सभा तथा सार्वजनिक प्रोग्रामों में इस बात की घोषणा करते रहते हैं कि लाडली बहना योजना के अंतर्गत धन राशि धीरे धीरे बढ़ा कर 3 हजार रूपए कर दी जाएगी। 6 दिन बाद से अभिप्राय 10 जुलाई को लाडली बहनों को फिर से 1000 रूपए देने की तैयारी शुरू है। सावन के महीने में अगले महीने अर्थात अगस्त में ष्टरूबहनों को 1250 रूपए तीसरी किस्त में देंगे। यह मुख्यमंत्री की ओर से सवा करोड़ लाडली बहनों को उनके लाडले भाई का उपहार होगा।

वहीं प्रदेश ही नहीं पूरे देश मे लाडली बहना योजना की काफी ज्यादा चर्चा हो रही है। जिस सहजता से सवा करोड़ से ज्यादा बहनों केअकाउंट में 1000 रुपए पहुंचे हैं। उसे देखकर अब अन्य राज्यों की सरकारों के ऊपर दबाव बढ़ रहा है। इससे पहले मुख्य मंत्री की लाडली लक्ष्मी योजना ने काफी ज्यादा लाइमलाइट बटोरीं थीं। अब कई राज्यों ने अलग अलग नाम से इस योजना को प्रारंभ किया ठीक इसी तरह अब लाडली बहना योजना को लेकर सभी राज्य गहन अध्ययन में जुट गए हैं। वहीं अब लाड़ली बहना योजना में अभी 23 से 60 वर्ष आयु की महिलाओं को लाभ देने का नियम है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 साल तक की महिलाओं को लाभ देने के ऑर्डर दिए हैं, वहीं जिन परिवारों में ट्रैक्टर हैं, उनकी महिलाओं को भी योग्य मानने को कहा है। इसे देखते हुए विभाग ने आंकड़े जुटाए। मतलब अब आगामी महीनों में सरकार को एक करोड़ 42 लाख से ज्यादा महिलाओं को एक-एक हजार रूपए महीने देने पड़ेंगे। इस पर लगभग 21 हजार करोड़ रूपए सालाना व्यय होंगे। मौजूदा समय में एक करोड़ 25 लाख स्त्रियों को इस स्कीम का लाभ दिया जा रहा है।

# शिक्षक भर्तीः जिलों के चयन के लिए आज अंतिम दिन



प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों के लिए काम की खबर है। प्राथमिक शिक्षक नियोजन 2023 में मेरिट क्रम में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अंतिम रूप से पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की सूची प्रतीक्षा सूची सहित जारी की जा रही है। सूची जिला चयन के लिए पात्रता सूची के समस्त अभ्यर्थियों को जिलों का प्राथमिकता क्रम में चयन करना होगा।

अभ्यर्थी 4 जुलाई तक पोर्टल पर प्राथमिकता क्रम में जिलों का चयन कर लॉक कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के लिए समस्त जिलों का चयन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनके द्वारा चयनित जिले लॉक नहीं हो पाएंगें। सभी जिलों को प्राथमिकता क्रम देने पर ही जिला विकल्प लॉक होगा अन्यथा वह इस चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगें। ऐसे अभ्यर्थी जो जिला चयन की इस प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगें या जिलों का विकल्प लॉक नहीं करेगें, वे भी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगें। जिलावार चयन सूची जारी होने के उपरांत आगामी कार्यवाही के लिए अलग से सूचित किया जाएगा।आयुक्त लोक शिक्षण ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के 26 जिले तथा जनजातीय कार्य विभाग के 2 जिले हैं। जनजातीय कार्य विभाग के 2 जिले सिर्फ अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए हैं।

इस प्रकार अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 28 जिलों का प्राथमिकता क्रम एवं अन्य प्रवर्ग के अभ्यर्थियों को 26 जिलों का प्राथमिकता क्रम देना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा चयनित जिलों के प्राथमिकता क्रम के आधार पर मेरिट क्रम में जिलावार प्रवर्गवार रिक्तियों के आधार पर जिलावार चयन सूची तैयार कर जारी की जाएगी। जिला परिवर्तन के संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।



लव जिहाद की घटना को लेकर कमला नगर थाने के समक्ष सेन समाज और हिंदू संगठन संस्कृति बचाओ मंच ने धरना दिया।



हेल्पलाइन का निरीक्षण किया शिकायतों का निरीक्षण किया एवम लाभार्थियों से फीड बैक लिया अधिकारियों को 24 घंटे मे समस्या हल करने आदेशित किया